
**सुविचार**
संघर्ष की रात जितनी अंधेरी होती है सफलता का सूरज उतना ही तेज चमकता है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi


08
मनचाही तारीख न मिलने पर फूटा तापसी का...

Ranchi ● Sunday, 11 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 145 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 62,625.63 |
| निफ्टी | : | 18,563.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,685 |
| चांदी | : | 79.08 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### लोहरदगा में सड़क दुर्घटना में आर्मी के जवान की मौत

**LOHARDAGA :** लोहरदगा-चंदवा सड़क पर महुआ टोली के पास टर्बो ट्रक और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में कुजरा गांव निवासी 40 वर्षीय बाइक सवार अशोक साहू की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी अनुसार अशोक साहू होंदगा गांव रहने वाला था और कुछ दिन पहले ही कुजरा मेन रोड में मकान बनाकर रह रहा था। अशोक साहू आर्मी का जवान था। कुछ दिन पहले वह छुट्टी पर अपने घर आया था। वह ड्यूटी पर जाने के लिए टिकट बुक कराने लोहरदगा स्टेशन आ रहा था। इसी बीच दुर्घटना हो गई. दुर्घटना के बाद पुलिस ने टर्बो ट्रक को जब्त कर लिया है।

### गढ़वा में डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**GARHWA :** जिले के श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगीपुर गांव में शनिवार को डैम में डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। इनमें सोनू उरांव, अंकज उरांव और रुप कुमारी हैं। बताया जाता है कि सभी बच्चे बकरी चराने गए थे। इसी दौरान तीनों बच्चे डैम में नहाने के लिए उतरे। नहाने के दौरान जब बच्चे गहरे पानी में डूबने लगे तो चिल्लाकर उन्होंने बचाने की गुहार भी लगाई। बच्चों की आवाज सुनकर पास ही में खड़ी एक महिला ने भी चिल्लाना शुरू किया। इसके बाद ही मौके पर आसपास के लोग वहां पहुंचे और कुछ लोगों ने डैम में कूद कर बच्चों को बचाने का प्रयास भी किया। बच्चों को जब तक बाहर निकाल कर उन्हें बचाया जाता तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया।

### NIA ने हिज्बुल मुजाहिदीन के सक्रिय आतंकी के घर की ली तलाशी

**KISHTWAR :** एनआईए ने शनिवार को किश्तवाड़ में हिज्बुल मुजाहिदीन के एक सक्रिय आतंकी के घर की तलाशी ली। किश्तवाड़ पुलिस की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक केस एफआईआर नंबर 01/2022 यू/सेक्शान 13/18/19/20/39/यूएपीए, 7/25 आई.ए. अधिनियम, 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में एनआईए कोर्ट जम्मू से हाउस सर्च वारंट प्राप्त करने के बाद हिज्बुल मुजाहिदीन के सक्रिय आतंकी मुदस्सिर अहमद पुत्र तारिक हुसैन निवासी तंदर दच्छन के घर की तलाशी ली गई।

### मुंबई में 50 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, तीन गिरफ्तार

**MUMBAI :** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने मुंबई के डोंगरी इलाके में शनिवार को छापा मारकर 50 करोड़ रुपये मूल्य का 20 किलोग्राम मादक पदार्थ मेफेड्रोन जब्त किया। बरामद मेफेड्रोन की कीमत 50 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में एनसीबी ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एनसीबी के जांच अधिकारी ने शनिवार को मीडिया को बताया कि एनसीबी की मुंबई जोनल इकाई को डोंगरी क्षेत्र से संचालित एक ड्रग्स सिंडिकेट के बारे में सूचना मिली थी।

# राज्य समन्वय समिति की बैठक : निजी क्षेत्रों और परियोजनाओं में 75 PERCENT आरक्षण को सख्ती से लागू करे सरकार

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड राज्य समन्वय समिति की पहली बैठक शनिवार को समिति के अध्यक्ष सह सांसद शिबू सोरेन की अध्यक्षता में मोरहाबादी स्थित उनके आवास में हुई। बैठक की जानकारी देते हुए विनोद पांडेय ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। सबसे पहले सरकार की ओर से जो भी निर्णय लिये गये थे उन निर्णयों को सरकार मजबूती से लागू करे। जहां भी त्रुटी है, उन त्रुटियों को दूर करते हुए जो राज्य के लोगों की जनभावना है उस जनभावना को पूरा करने का प्रयास करने के लिए सरकार को परामर्श दिया है। निजी क्षेत्रों और परियोजनाओं में 75 प्रतिशत आरक्षण को जो प्रावधान लागू किया गया है उसे सख्ती से लागू करने का परामर्श सरकार को दिया गया है। जो छात्र और युवा हैं, उनका नियोजन हो और जो सरकार से उनकी जो उम्मीदें हैं, वह पूरा हो। उन्होंने कहा कि दूसरा जो महत्वपूर्ण विषय सरना आदिवासी धर्म कोड है। राज्य सरकार ने कैबिनेट और विधानसभा से पास कर केंद्र सरकार को भेजने का काम किया। सरना आदिवासी धर्म कोड इस राज्य के लोगों की भावना से जुड़ा मामला है। राज्य सरकार ने इस मामले का निष्पादन किया। इसी प्रकार केंद्र सरकार भी भावना के अनुरूप अनुमोदित करे। उन्होंने कहा कि समिति ने सरकार को सुझाव दिया है कि उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर इस पर राष्ट्रपति से मिलकर लागू करवाने का अनुरोध किया जाये। उन्होंने कहा कि स्थानीय नीति राज्य सरकार की ओर से बनायी गयी। विधानसभा ने उसे ध्वनि मत से पारित किया। राज्यपाल के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया लेकिन राज्यपाल के यहां से बिना अनुमोदन के सरकार को लौटा दिया गया।


झारखंड राज्य समन्वय समिति की पहली बैठक में शामिल शिबू सोरेन, मंत्री आमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता व अन्य ● फोटोन न्यूज

### सरकार के काम में सहयोग नहीं कर रहा विपक्ष : राजेश

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य समन्वय समिति के सदस्य राजेश ठाकुर ने कहा कि सरकार हर स्तर पर काम करना चाहती है लेकिन विपक्ष का सहयोग नहीं मिल रहा है। ये भाजपा वाले हाईकोर्ट और राज्यपाल का सहारा लेकर विधेयकों को लागू करने में अड़ंगा डाल रहे हैं। एक सवाल के जवाब में ठाकुर ने कहा कि समिति का काम है समय-समय पर सरकार को सलाह देना, जो समिति कर रही है। राजेश ठाकुर ने कहा कि बैठक में कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद किये जाने के मामले पर चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने सरकार से आग्रह किया है कि जबतक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई चालू रहने दिया जाये। बैठक में टीवीएनएल विस्तारीकरण पर भी विधिवत चर्चा की गयी। साथ ही समिति ने फैसला लिया कि हर महीने समिति बैठक करेगी।

# बंद समर्थकों ने लगाया '60-40 नाय चलतो' का नारा, रांची में बंद बेअसर

## प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर जताया विरोध, अलर्ट रही पुलिस

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में नियोजन नीति के विरोध में झारखंड यूथ एसोसिएशन की ओर से 10 और 11 जून को झारखंड बंद आहूत किया गया है। बंद के पहले दिन शनिवार को राजधानी रांची में बंद का कोई असर नहीं दिखा। रांची के कोकर, लालपुर, थड़पकना, कांटा टोली, अल्बर्ट एक्का चौक, कचहरी चौक सहित अन्य स्थानों पर दुकानें खुली रही। सड़कों पर वाहन अन्य दिनों की तरह चलते हुए दिखे। बोकारो, हजारीबाग, दुमका और सरायकेला समेत कई जिलों में झारखंड बंद का व्यापक असर दिखा। कई जगहों पर छात्र संगठन ने टायर जलाया तो कई जगहों पर सड़क पर जाम लगाकर विरोध किया। 60:40 नाय चलतो का नारा भी लगाया गया। बंद समर्थकों ने नामकुम थाना क्षेत्र के रामपुर बाजार के समीप रांची जमशेदपुर हाइवे पर टायर जलाकर आवागमन को अवरुद्ध किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाकर आवागमन सामान्य कराया। बंद समर्थक शनिवार को झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के प्रमुख देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में सड़कों पर उतरे। कांटा टोली बस स्टैंड के दुकानों को बंद कराया और बस ऑनर एसोसिएशन से बस नहीं चलाने का मांग किया, जिसका एसोसिएशन ने समर्थन किया। इसके बाद बंद समर्थक नामकुम के रामपुर स्थित रांची टाटा मार्ग पर टायर जलाकर आगजनी की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और टायर को सड़क से हटाया बंद समर्थक वहां से भागे। दूसरी ओर बंद को लेकर राजधानी रांची के सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। रांची एसएसपी किशोर कौशल बंद को लेकर खुद मॉनिटरिंग करते रहे। उन्होंने बताया कि बंद को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। अब तक बंद के दौरान कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। रांची में 1500 पुलिस जवान तैनात किए गए है। मुख्यमंत्री आवास, मोरहाबादी मैदान और उसके आसपास इलाके में दो दर्जन से अधिक अलग से सीसीटीवी लगाया गया है। इसके अलावा दो ड्रोन कैमरा भी रखा गया है। एसएसपी ने कंट्रोल रूम में तैनात पुलिसकर्मियों को बंद की पूरी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान एसएसपी ने कहा कि झारखंड बंद के दौरान अशांति फैलाने वाल लोगों को कतई बक्शा नहीं जाएगा।

- झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के प्रमुख देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में सड़कों पर उतरे छात्र
- रांची के कोकर, लालपुर, थड़पकना, कांटा टोली, अल्बर्ट एक्का चौक, कचहरी चौक सहित अन्य स्थानों पर खुली रही दुकानें
- रांची में सड़कों पर वाहन अन्य दिनों की तरह चलते हुए दिखे


टायर जलाकर विरोध जताते झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के प्रमुख देवेन्द्र नाथ महतो व अन्य ● फोटोन न्यूज

### हजारीबाग-सरायकेला-बोकारो-दुमका में दिखा बंद का असर

हजारीबाग के बड़कागांव में झारखंड में 60-40 नियोजन नीति को रद्द कराने, झारखंड के सभी बहाली यों में झारखंड का स्थाई निवासी शब्द को जोड़ने, खतियानी नियोजन नीति को लागू कराने एवं झारखंड के मूल निवासियों को नौकरी प्रदान करने की मांगों को लेकर शनिवार सुबह से ही सड़क जाम कराया गया। कई जगहों पर पुलिस के गैरमौजूदगी में बंद समर्थकों ने उत्पात मचाने की कोशिश की। बंद का सरायकेला खरसावां जिला में आंशिक असर रहा। बंद समर्थकों ने सरायकेला कांड्रा मुख्य मार्ग को बड़ा कंकडा मोड़ के समीप जाम कर दिया। जाम कुछ देरी के लिए रहा। इस दौरान सूचना पर सरायकेला थाना की पुलिस जाम स्थल पहुंची और आंदोलनकारियों को समझा बुझाकर जाम हटाया, जिससे आवागमन सामान्य हुआ। बंद के पहले दिन शनिवार को बेरमो अनुमंडल के फुसरो क्षेत्र में असरदार रहा। पहले दिन के बंदी को लेकर यूनियन के स्थानीय नेताओं व युवाओं ने सुबह से ही सड़कों पर निकलकर दुकानों को बंद करवाया, जिसके बाद फुसरो स्थित शहीद निर्मल महतो के समीप सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम से फुसरो-डुमरी और फुसरो-जैनामोड़ सडक सर भारी वाहनों की कतार लगी रही। नियोजन नीति 60-40 के विरोध में झारखंड बंद का असर दुमका में साफ देखने को मिला। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय छात्र समन्वय समिति के बैनर तले काफी संख्या में छात्र सुबह से ही सड़कों पर उतर कर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया। छात्रों की टोली शहर के फूलो झानो चौक, दुधानी टावर चौक, अम्बेडकर चौक सहित विभिन्न चौक-चौराहे को जाम कर दिया।

**ODISHA TRAIN ACCIDENT**

# CBI ने बहनगा स्टेशन को किया सील, दस्तावेज किए जब्त


ओडिशा रेल हादसे की फाइल फोटो।

**AGENCY BHUBANESWAR :** ओडिशा रेल हादसे की जांच में सीबीआई जुटी हुई है। जांच एजेंसी ने बहनगा स्टेशन को सील कर दिया है। अगले आदेश तक इस स्टेशन पर कोई भी पैसेंजर ट्रेन या मालगाड़ी नहीं रुकेगी। हर दिन यहां से करीब 170 ट्रेन गुजरती हैं। हादसे के बाद 7 ट्रेन रुक रही थीं। यह जानकारी न्यूज एजेंसी एएनआई ने रेलवे अधिकारी आदित्य कुमार चौधरी के हवाले से दी है। रेलवे अधिकारी चौधरी ने बताया कि सीबीआई ने जांच के दौरान स्टेशन में मौजूद सभी दस्तावेज चेक किए। लॉग बुक, रिले पैनल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त कर ली है। बता दें कि 2 जून को ओडिशा के बालासोर में दो सुपरफास्ट एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी की टक्कर हुई, जिसमें 288 लोगों की मौत हो गई थी। हादसे में 1208 लोग घायल हुए थे।

**एक ट्रेन मालगाड़ी से टकराई, सामने से आई दुरंतो इसकी बोगियों से भिड़ी**

2 जून की रात करीब 10 बजे मीडिया रिपोर्ट्स में आया कि दो यात्री गाड़ियां और एक मालगाड़ी टकरा गई हैं। शुरूआत में 30 लोगों के मारे जाने की जानकारी थी, लेकिन देर रात यह आंकड़ा 200 के पार पहुंच गया। इसके अगले दिन 3 जून को दोपहर 2 बजे तक मरने वालों का आंकड़ा 288 पहुंच चुका था। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बहनगा बाजार स्टेशन की आउटर लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी थी। हावड़ा से चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस लूप लाइन पर चली गई और वहां खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। एक्सप्रेस का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया और बोगियां तीसरे ट्रैक पर जा गिरीं। कुछ देर बाद तीसरे ट्रैक पर आ रही हावड़ा-बेंगलुरु दुरंतो एक्सप्रेस ने कोरोमंडल एक्सप्रेस की बोगियों को टक्कर मार दी।

### दुर्घटनास्थल पर भी CBI ने जांच की

रेलवे अधिकारी ने बताया कि सीबीआई की दो सदस्यीय टीम शुक्रवार को दुर्घटनास्थल पहुंची थी। एजेंसी ने यहां कई जगहों से कुछ जरूरी सबूत इकट्ठा किए। इसके बाद करीब 2 घंटे तक पैनल और रिले रूम की जांच की। टीम ने दोनों रूम और डेटा लॉकर को सील कर दिया। माना जा रहा है कि सीबीआई को हादसे से जुड़े कुछ अहम सबूत मिल सकते हैं।

# 15 को राज्य की विधि-व्यवस्था की समीक्षा करेंगे हेमंत सोरेन

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की विधि व्यवस्था को लेकर 15 जून को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समीक्षा बैठक करेंगे। इस बाबत पुलिस मुख्यालय ने झारखंड के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दे दी है। बैठक में मुख्यमंत्री नक्सल, संगठित आपराधिक गिरोह, अवैध खनन, नारकोटिक्स के साथ-साथ कई अन्य मसलों पर बात करेंगे। बैठक को लेकर पुलिस मुख्यालय तैयारियों में जुट गया है। विधि व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री समीक्षा तो करेंगे। इसके अलावा राज्य में अवैध खनन, अवैध खनन से हो रहे हादसों की भी समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री यह भी समीक्षा करेंगे की अवैध खनन को रोकने के लिए जो टास्क फोर्स बनाया गया है उसने अब तक कैसा परफॉर्मेंस दिया है। 15 जून की समीक्षा को लेकर झारखंड के सभी जिलों के एसपी डीआईजी आईजी के अलावा दूसरे पुलिस अधिकारियों को भी पुलिस मुख्यालय के द्वारा पत्र भेज दिया गया है। पत्र में लिखा गया है कि मुख्यमंत्री 15 जून को विधि व्यवस्था, वारंट तामिल, लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति, सर्टिफिकेट केस की स्थिति, अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थ ,अवैध शराब और पुलिस के इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधी मुद्दों की समीक्षा करेंगे। बताया जाता है कि 15 जून को मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक से पहले 12 जून को ही डीजीपी सभी जिलों के वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

**भारतीय सैन्य अकादमी में भव्य परेड का आयोजन, हेलीकॉप्टर से बरसाए गए फूल**

# INDIAN ARMY को मिले 331 युवा अफसर

**AGENCY DEHRADUN :** मातृभूमि की आन-बान और शान की रक्षा के लिए आज (शनिवार) 331 जांबाज सेना में शामिल हुए। इस बार भी उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा कैडेट्स देने वाला राज्य बना। सात मित्र देशों के 42 कैडेट भी पास आउट हुए। थल सेना प्रमुख ने परेड की सलामी ली। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर सुबह परेड शुरू हुई। परेड के बाद पीपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। परेड के दौरान आईएमए को सुरक्षा के लिहाज से जीरो जोन घोषित किया गया। ड्रिल स्क्वायर पर सुबह सात बजकर 25 मिनट पर मार्कर्स काल के साथ परेड शुरू हुई। थल सेना प्रमुख मनोज पांडे शौर्य मार्ग से परेड स्थल पर 7 बजकर 15 मिनट पर पहुंचे। निरीक्षण अधिकारी ने कैडेट्स को ओवरआल बेस्ट परफॉर्मेंस और अन्य सम्मान से नवाजा। इस मौके पर सेना के तीन हेलीकॉप्टरों से पुष्प वर्षा की गई। वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, देश-विदेश के अतिथि और कैडेट्स के परिजन इस भव्य आयोजन के साक्षी बने। इससे पहले कंपनी सार्जेंट मेजर प्रशांत ठाकुर, अमन परिहार, दिनेश झाझरा, शुभम शर्मा, आनंद ए ने ड्रिल स्क्वायर पर अपना स्थान ग्रहण किया। 6 बजकर 48 मिनट पर एडवांस काल के साथ ही सीना ताने राष्ट्र के भावी कर्णधार कदम बढ़ाते हुए परेड के लिए पहुंचे। सूबेदार मेजर दयानंद जोशी के नेतृत्व में सेना के बैंड ने सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा... की धुन पर जेंटलमैन कैडेटेस के दिल में जोश भर दिया । परेड के समादेशक लेफ्टिनेंट जनरल बीके मिश्रा और समादेशक मेजर जनरल आलोक जोशी (राजपूत रेजिमेंट) सात बजकर 03 मिनट पर परेड स्थल पहुंचे। भारत के पास आउट होने वाले 331 कैडेट्स में से डायरेक्ट एंट्री वाले 55 कैडेट्स शामिल हैं। जबकि, एक्स एनडीए 204 और एक्स एससी 40 कैडेट्स पास आउट हुए। 32 कैडेट्स टीजीसी कोर्स के हैं। आईएमए की स्थापना के बाद से अब तक यहां से 64862 देशी एवं विदेशी कैडेट्स पास आउट हो चुके हैं। इसी के साथ आईएमए के नाम अब तक 2885 विदेशी कैडेट्स को ट्रेनिंग देने का गौरव जुड़ गया है।


चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर परेड में शामिल जवान ● फोटोन न्यूज

# समन्वय समिति की पहली बैठक ने जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया : DEEPAK

**PHOTON NEWS RANCHI**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शनिवार को समन्वय समिति पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की गठित समन्वय समिति की पहली बैठक ने राज्य के सवा तीन करोड़ जनता की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। बैठक केवल औपचारिकता मात्र बनकर रह गई।

उन्होंने कहा कि राज्य के ज्वलंत मुद्दों में आकंठ भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बहन-बेटियों के साथ घट रही दुष्कर्म की घटनाएं, बेटियों की नृशंस हत्याएं, जमीन की लूट, खान खनिज की लूट



मीडिया को संबोधित करते दीपक प्रकाश। ● द फोटोन न्यूज

जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे समन्वय समिति के एजेंडे में शामिल नहीं हुए। प्रकाश ने कहा कि नियोजन नीति और स्थानीय नीति पर समन्वय समिति ने खुद अपनी सरकार को ही आइना दिखाया है। उन्होंने कहा कि समन्वय समिति ने जन भावनाओं के अनुरूप नियोजन नीति की बात की है। इससे स्पष्ट है कि हेमंत सरकार जनभावनाओं पर खरी नहीं उतर रही है। आज हजारों युवा बेरोजगार सड़कों पर उतरकर सरकार की नीति का प्रबल विरोध कर रहे।

उन्होंने कहा कि युवाओं को आंदोलन के लिए मजबूर करने वाली सरकार का नाम हेमंत सरकार है, जिसने छात्रों, बेरोजगारों को अभूतपूर्व असमंजस की स्थिति में डाल दिया है। हेमंत सरकार की न नीति साफ है न नीयत ही। उन्होंने कहा कि राज्य में रोज नए नए घोटाले उजागर हो रहे। भ्रष्ट ऑफिसर्स दलाल बिचौलिए मालामाल हो रहे हैं। ईडी की कार्रवाई में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि जेल में हैं। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य व्यवस्था, विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। स्वयं मुख्यमंत्री नियम विरुद्ध फैसले को लेकर कटघरे में खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि ट्रिपल टेस्ट के बिना निकाय चुनाव को टाला जा रहा है लेकिन इस विषय पर समन्वय समिति ने कोई राय नहीं दी। प्रकाश ने कहा कि राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ में लगातार वृद्धि हुई है । राज्य की डेमोग्राफी में स्पष्ट परिवर्तन झलक रहा लेकिन समन्वय समिति ने इस मुद्दे को राज्य के ज्वलंत मुद्दों में शामिल नहीं किया। उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद नेता प्रतिपक्ष का मामला ठंडे बस्ते में है। आज नेता प्रतिपक्ष के बिना लोकायुक्त, सूचना आयोग, महिला आयोग का गठन नहीं हो सका है, फिर भी यह मुद्दा समन्वय समिति का एजेंडा नहीं बना। इतना ही नहीं वित्त आयोग गठित नही होने से केंद्रीय अनुदान के हजारों करोड़ रुपये राज्य के लिए लंबित हैं, इसपर समिति मौन रही।

# पांकी विस क्षेत्र में पेयजल के लिए हाहाकार विधायक ड्रामेबाजी में व्यस्तः आप प्रदेश प्रवक्ता

**PHOTON NEWS PALAMU**

पांकी विधानसभा क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकार मचा है और पांकी विधायक ड्रामेबाजी में व्यस्त हैं। सारे वायदे उनके फेल है। यह बात आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही।

उन्होंने कहा कि विधायक सभी गांव में डिप बोरिंग की बात बोले थे लेकिन अभी खराब चापानल की मरम्मत तक उनसे नहीं हो रहा है। कितने चापानल खराब हैं। कई का पानी नीचे चला गया है। लोग परेशान हैं। कोई सुनने वाला नहीं



मीडिया को जानकारी देते आप प्रदेश प्रवक्ता। ● द फोटोन न्यूज

है। जनता विधायक आवास जा रही है अपनी बात को लेकर लेकिन कौन मालिक है यही पता नहीं चल रहा है।

जायसवाल ने कहा कि विधायक केवल लाल, पीला करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी कोई भी चापानल को मरम्मत करने का काम नहीं कर रहे हैं। विधायक पानी पर मीटिंग नहीं करके पार्टी पर अगले विधानसभा, लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। अब आम आदमी पार्टी आ गई है। चुप नहीं बैठेगी। विधायक आवास का घेराव करेंगे। विधायक का पुतला भी दहन करने से पीछे नहीं हटेंगे। क्योंकि, जनता की आवाज को हमारे रहते कोई दबा नहीं सकता है। हम लड़ाई लड़ेंगे।

इस मौके पर आम आदमी पार्टी के अरुण वर्मा, अमरेश मेहता आदि उपस्थित थे।

# झारखंड के छह आदिम जनजाति समूह के लोग राष्ट्रपति से मिलेंगे

**PHOTON NEWS RANCHI**

झारखंड के छह अत्यंत संवेदनशील आदिम जनजाति समूह के 104 लोग शनिवार को दिल्ली रवाना हुए। वे रांची स्टेशन से जम्मूतवी एक्सप्रेस से रवाना हुए। उनके लिए उक्त ट्रेन में दो अतिरिक्त बोगी जोड़ी गई थी। वे 12 जून को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे।

आदिम जनजाति समूह केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय और राष्ट्रपति के आमंत्रण पर दिल्ली रवाना हुए है। इतिहास में यह पहला मौका होगा, जब देश की राष्ट्रपति सीधे तौर पर लुप्त होती आदिम जनजाति समुदाय से सीधे तौर पर संवाद करेगी। इन जनजाति समुदाय में असुर, बिरहोर, बिरजिया, कोरबा, परहिया और सबर समुदाय शामिल है। झारखंड से गए सभी आदिम जनजाति समुदाय के प्रतिनिधि 14 जून को झारखंड के लिए वापस होंगे और 15 जून को रांची पहुंचेंगे।

उन्हें रांची स्टेशन विदा करने के लिए डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, कल्याण विभाग के निदेशक रणेंद्र कुमार, डिप्टी डायरेक्टर मोनिका रानी टूटी, असिस्टेंट डायरेक्टर राकेश रंजन उरांव के अलावा विकास दूबे अन्य संस्थान के कर्मी मौजूद थे।

# सांसद संजय सेठ ने नमो क्रिकेट एकेडमी खोलने की घोषणा की

**PHOTON NEWS RANCHI**

रांची में क्रिकेट की अपार संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रांची के सांसद संजय सेठ ने नमो क्रिकेट कैंप का 10 दिवसीय आयोजन किया। शनिवार को इस कैंप का समापन हुआ।

समापन समारोह में सांसद ने कहा क्रिकेट कैंप का मुख्य उद्देश्य झारखंड में छिपी प्रतिभा को आगे लाना है। रांची में कई ऐसे प्रतिभावान खिलाड़ी है, जिन्हें प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों के उत्साह को देखते हुए नमो एकेडमी क्रिकेट कोचिंग सेंटर खोलने की घोषणा की। सांसद सेठ ने कहा कि इस एकेडमी में बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला


संजय सेठ व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

और राज्य स्तर पर खेलने के लिए बच्चों को तैयार किया जाएगा। सांसद ने कहा एकेडमी की ओर से बच्चों को तैयार कर एक टीम बनाई जाएगी, जो जिला एवं राज्य स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में भाग लेंगे। रणजी खिलाड़ी प्रदीप खन्ना की देखरेख में इस एकेडमी की शुरूआत की जाएगी।

# मोदी-योगी सरकार ने समझा देश के वंचित समाज की महिलाओं का दुख-दर्द : मीनाक्षी

**AGENCY FIROZABAD**

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने शनिवार को कहा कि भारत ने पिछले नौ वर्षों में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की एक नई परिभाषा गढ़ी है। देश के वंचित समाज की महिलाओं के दुख-दर्द को केवल केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार ने समझा है। इनके उत्थान व सशक्तिकरण के लिए कार्य किया है। जबकि विपक्षी दलों द्वारा इनके लिए कोई कार्य नहीं किया गया और इनका हमेशा शोषण हुआ है।

केंद्रीय विदेश व संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा,



कार्यक्रम में उपस्थित मीनाक्षी लेखे व अन्य।

सुशासन और गरीब कल्याण के नौ साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिकोहाबाद स्थित एक रिसोर्ट में भाजपा द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रही थी।

उन्होंने कहा कि कमजोर और वंचित और ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को धुंआ से मुक्ति दिलाने के लिए उज्जवला गैस कनेक्शन योजना के माध्यम से बिना भेदभाव के निःशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य मोदी सरकार ने किया। इसके साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लाडली योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुमंगला कन्या व विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया। 2014 से पहले कांग्रेस व अन्य सरकारों ने देश को लूटने एवं योजनाओं में अपनी और अपने परिवार की जेबें भरने के लिए तमाम भ्रष्टाचार किए। लेकिन आज प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश की योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश में माफिया राज को खत्म करके और जनता का शोषण करने वाले भूमाफियाओं और वंचित समाज की जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों की जमीनों को कब्जा मुक्त कराके उन जमीनों पर गरीबों और जररूतमंदों को आवास देने का कार्य किया है।

# प्रदीप यादव के घर आयकर और ईडी का छापा पूरी तरह राजनीति से प्रेरित : राकेश सिन्हा

**PHOTON NEWS RANCHI**

प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने शनिवार को कहा कि पिछले दिनों सांसद निशिकांत दूबे का देवघर में दिये गये बयान से यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस विधायक दल के उपनेता प्रदीप यादव के घर आयकर और ईडी का छापा पूरी तरह राजनीत से प्रेरित है। यह 2024 के चुनाव की तैयारी का हिस्सा है। क्योंकि जिस प्रकार सांसद प्रेस के माध्यम से ईडी के अधिकारियों को निर्देश दे रहे है इससे साफ प्रतीत होता है कि निशिकांत दूबे एवं पूरी भाजपा में बेचैनी किस प्रकार हावी है।

सिन्हा ने कहा कि निशिकांत दूबे अपने आप को ईमानदार साबित करने के लिए दिन भर लगे रहते हैं उन्हें यह बताना चाहिए कि 40 करोड का सांसद फंड विवाह मंडप बनाने के लिए दिल्ली की एक कंपनी को दिया। लेकिन आज तक एक भी विवाह मंडप नहीं बना। इसकी जांच होनी चाहिए। सिर्फ कांग्रेस और कांग्रेस के विधायकों को बदनाम करने की जो राष्ट्रीय साजिश चल रही है। उसी साजिश का हिस्सा प्रदीप यादव को भी बनाया गया है।

# राहुल गांधी ने अमेठी और वायनाड की जनता का किया अपमान : अनुराग ठाकुर

**AGENCY HAMIRPUR**

केन्द्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को हमीरपुर में जहां केन्द्र सरकार के नौ सालों के कार्यकाल को उपलब्धि भरा बताया, वहीं कांग्रेस पार्टी पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2024 में देश को सुरिक्षत रखने के लिए जनता प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास जताएगी। इस अवसर पर उन्होंने नौ सालों की केन्द्र सरकार की तमाम उपलब्धियां भी गिनाईं।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले नौ सालों में केन्द्र सरकार ने किसानों की भलाई के लिए अनेक कदम उठाए हैं जबकि यूपीए की सरकार में किसानों को खाद की जगह लाठियां मिलती थीं। उन्होंने कहा कि संसद में हर बार चर्चा होती थी कि किसानों को खाद नहीं मिलती थी लेकिन नौ सालों में खाद की कमी नहीं होने पाई और न ही खाद के दामों में बढ़ोतरी हुई।

राहुल गांधी के बयानों पर केन्द्रीय मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने अमेठी व वायनाड की जनता का अपमान किया है और वह तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को उनके कर्मों के कारण पद से हटाया गया है।

## GUMLA के चरकाटांगर गांव में भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस कार्यक्रम

# शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने के लिए हेमंत सरकार प्रयासरत : विधायक भूषण तिर्की

**PHOTON NEWS GUMLA**

गुमला प्रखंड के चरकाटांगर गांव में शहीद बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 10 हजार से अधिक लोगों की भीड़ उमड़ी। मुख्य अतिथि गुमला विधायक भूषण तिर्की थे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूजा पाठ के साथ किया गया।

स्थानीय महिला समूह ने विधायक भूषण तिर्की का स्वागत किया। खोड़हा दल ने पारंपरिक नाच गान प्रस्तुत किया। विधायक ने कहा कि बिरसा मुंडा झारखंड राज्य के भगवान हैं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उनके योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता। शहीदों व स्वतंत्रता


विधायक भूषण तिर्की का स्वागत करते आयोजक। ● द फोटोन न्यूज

सेनानियों को सम्मान देने के लिए हेमंत सरकार लगातार प्रयासरत है। शहीद के गांवों का विकास तेजी से हुआ है। हेमंत सरकार में शहीद व उनके परिजनों को मान सम्मान दिया गया है।

इस मौके पर रंजीत सिंह सरदार, मुखिया सत्यवंती देवी, समाजसेवी बसंत लोहरा सहित कई लोग मौजूद थे।

## बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाएं : विधायक

**GUMLA :** पालकोट प्रखंड के कुल्लुकेरा पंचायत के सारूबेड़ा में नव निर्मित संत जोसेफ रोमन कैथोलिक चर्च सारूबेड़ा का शनिवार को उद्घाटन किया गया। मौके पर पवित्र मिस्सा पूजा करौंदाबेड़ा के डीन फादर मोजेस खलखो, फादर लॉरेंस टोप्पो,फादर सुशील कुमार मिंज, फादर प्रकाश टेटे, फादर एडमोन बड़ा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके बाद चर्च का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने फीता काटकर किया।

उन्होंने चर्च के निर्माण में प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग और ईश्वर


कार्यक्रम में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

की कृपा से आज यहां चर्च बनकर तैयार हुआ है। अब ईश्वर के इस पवित्र घर मे लोग प्रतिदिन प्रार्थना करने आएंगे। लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होगी। उन्हें परम शांति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रभु येसु यहां के लोगों को कृपादानों से भर दें।

विधायक ने लोगों को एक दूसरे में प्यार बांटने का संदेश देते हुए कहा कि जीवन मे कभी अमीरी गरीबी का भेदभाव न करें। सभी मनुष्य ईश्वर के संतान हैं। विधायक ने कहा कि बुराइयों से हम दूर रहें। जीवन मे अच्छाई को आत्मसात करें।

## BRIEF NEWS

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि का मनाया जन्मदिन, केक काटकर बांटी मिठाईयां

**RAMGARH :** बिरसा चौक भुरकुंडा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद प्रतिनिधि जजगततार सिंह का शनिवार को जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह ने केक काटा। साथ ही लोगो के बीच केक व मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर योगेश दांगी, जुगल नायक, लक्ष्मी देवी, अमितेश सिंह, सुखदेव प्रसाद, सतीश मोहन मिश्रा, सत्येंद्र नारायण सिंह, अमरेश सिंह, अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, अजय पासवान, अनूप पाठक, संतन सिंह, सुभाष दास, अखिलेश टोप्पो, राजू मल्होत्रा, देव कुमार सिंह, बाबूलाल नायक, राजेश गुप्ता, जेपी पांडेय, अमिता सोनी, बसंती देवी, अंजू कुमारी, विजय कुमार, राजकुमार, प्रेम दुबे, आनंद मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थें।

### भुरकुंडा से दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता हजारीबाग जनसभा में हुए शामिल


जनसभा में शामिल होने के लिये रवाना होते भाजपा कार्यकर्ता। ● द फोटोन न्यूज

**RAMGARH :** कोयलांचल सहित आसपास क्षेत्रो के दर्जनो भाजपा कार्यकर्ता हजारीबाग हिंदू हाई स्कूल में आयोजित नौ साल बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण विशाल जनसभा में शामिल होने के लिए शनिवार को भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के नेतृत्व में रवाना हुए। रवाना होने वाले में सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, दक्षिणी प्रमंडलीय सह प्रभारी ओबीसी मोर्चा योगेश दांगी, एसी मोर्चा के जिला प्रभारी जुगल नायक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी देवी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमितेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि पतरातु सुखदेव प्रसाद, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सत्येंद्र नारायण सिंह, अमरेश सिंह, अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, अजय पासवान, सुभाष दास, अनूप पाठक, संतन सिंह, देव कुमार सिंह, बाबूलाल नायक, अखिलेश टोप्पो, राजू मल्होत्रा, राजेश गुप्ता, जेपी पांडेय, अमिता सोनी, बसंती देवी, अंजू कुमारी, विजय कुमार, राजकुमार, प्रेम दुबे, आनंद मंडल सहित अन्य शामिल थें।

### आशा लकड़ा की माता के श्राद्ध कर्म में पहुंचे भाजपा नेता

**RANCHI :** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री और रांची नगर निगम की निवर्तमान महापौर डॉ. आशा लकड़ा की माता का पिछले दिनों निधन हो गया था। शनिवार को गुमला जिले के चुहरू गांव में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय एवं प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डु ने श्राद्धकर्म में पहुंचकर उनकी माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### विकास कार्यों में अड़ंगा डाल रही है भाजपा: सुदीप गुड़िया

**KHUNTI :** झामुमो तोरपा प्रखण्ड समिति के तत्वावधान में शनिवार को बारकुली बगीचा में सदस्यता अभियान को लेकर के बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष अमृत हेमरोम ने की। झामुमो केन्द्रीय सदस्य और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुदीप गुड़िया ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार आदिवासी और मूलवासियों को अधिकार देने के लिए संकल्पित है लेकिन भाजपा स्थानीय नीति हो या ओबीसी आरक्षण हर काम में अड़ंगा लगा रही है। भाजपा लोगों को गुमराह कर रही है कि हेमंत सोरेन काम नहीं कर रही है लेकिन झारखंड की जनता सच्चाई समझ रही है। कार्यक्रम को प्रखंण्ड अध्यक्ष रोबिन तोपनो, किसान मोर्चा प्रखंण्ड उपाध्यक्ष दीपक राय, जिला महिला मोर्चा की विश्वासी हेमरोम आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जयदीप तोपनो, जोनसन आईंद, फिरोज अंन्सारी, अनूप बरवार, संदीप टोप्पो सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### राजद सुप्रीमो के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर मल्लिकार्जुन खड़गे ने दी बधाई

**PATNA :** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव 11 जून को 76 साल के हो जायेंगे। पार्टी उनका जन्मदिन सामाजिक न्याय एवं सद्भावना दिवस के रूप में मनाएगी। लालू को उनके जन्मदिन के पूर्व संध्या पर शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने फोन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच लंबी बातचीत हुई। मल्लिकार्जुन खड़गे को लालू ने 23 जून को होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि 23 जून बैठक की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं और उन्होंने मल्लिकार्जुन खड़गे को बैठक में शामिल होने का निमंत्रण दिया। दरअसल, बर्थडे के एक दिन पहले ही लालू यादव को बधाई देने के लिए 10 सर्कुलर स्थित राबड़ी आवास में बड़ी संख्या में उनके समर्थक पहुंचे रहे थे। इस दौरान लालू से मिलने के लिए कांग्रेस नेता शकील अहमद भी पहुंचे थे। मुलाकात के बीच लालू ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे को फोन लगाइए। फिर लालू की खड़गे से फोन पर लंबी बातचीत हुई। उल्लेखनीय है कि लालू यादव के 76वें जन्मदिन को खास बनाने में उनके समर्थक तैयारियों में लगे हैं। राजधानी पटना की सड़कें लालू के पोस्टर्स से पट गई हैं। छह साल बाद लालू प्रसाद का जन्मदिन समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के निर्देश पर पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ता बड़े भोज की तैयारी में हैं। कल यानी 11 जून को राजद की ओर राज्य के सभी जिला, प्रखंड, पंचायत आर सभी गांवों में कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहेंगे।

### पहले प्रधानमंत्री जुगाड़ या परिवार से बनते थे, मोदी ने इस चलन को बदला: पंकजा मुंडे

**JABALPUR :** जबलपुर, 10 जून (हि.स.)। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी पंकजा मुंडे ने कहा कि एक समय था जब देश में प्रधानमंत्री या तो जुगाड़ से बनते थे या किसी परिवार से बनते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस चलन को बदला है। आज एक सामान्य परिवार के व्यक्ति ने देश की राजनीति में अभूतपूर्व परिवर्तन किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी के नौ वर्ष के कार्यकाल के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ने 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसम्पर्क अभियान शुरू किया है। इस अभियान में लोकसभा के एक हजार से अधिक विशिष्ट परिवारों से, सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संपर्क करेंगे। साथ ही जबलपुर लोकसभा के 2132 बूथों पर अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। इसी के तहत शनिवार को पंकजा मुंडे महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत जबलपुर के होटल नर्मदा जंक्शन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बीते नौ वर्ष भारत के नवनिर्माण के, भारत के गरीब कल्याण के रहे है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपना हर पल देश को महाशक्ति बनाने के लिए समर्पित कर दिया है। आज पूरी दुनिया कह रही है कि 21वीं सदी भारत की सदी है। बीते 9 सालों में भारत ने ह्यपॉलिसी पेरालिसिसह्न, से ह्यडिसाइसिव पॉलिसीह्न और अर्थव्यवस्था में ह्यफ्रेजाइल फाइवह्न से ह्यटॉप फाइवह्न की यात्रा की है। भारत ने बीते नौ साल में एक पार्टी के ह्यअपना परिवार, अपनी विकासह्न नीति को दरकिनार कर ह्यसबका साथ, सबका विकासह्न की कहानी लिखी है।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Sunday, 11 June 2023

BRIEF NEWS

## वज्रपात से प्रभावित दो लोगों को मिलेंगे 55 हजार रुपये

**RANCHI :** प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत पशुओं के प्रभावितों को क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को प्रभावितों को क्षतिपूर्ति के लिए सहायता राशि भुगतान की स्वीकृति दी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए जिला के बेड़ो अंचल के कुल दो प्रभावितों के लिए कुल 55 हजार रुपये की मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति उपायुक्त ने प्रदान की है। बेड़ो निवासी गांगी देवी को 25 हजार और जुमन अंसारी को 30 हजार रुपये के अनुदान की स्वीकृति दी गयी है। गांगी देवी का बैल और जुमन अंसारी का गाय की मौत वज्रपात से हो गयी थी।

## सड़क दुर्घटना में मृत के आश्रितों को मुआवजा राशि की स्वीकृति

**RANCHI :** विशिष्ट स्थानीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को हुई क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से मुआवजा दिया जायेगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। रांची जिला के अनगड़ा, सिल्ली एवं कांके अंचल अधिकारीयों के प्रतिवेदन के अनुसार राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति स्वरुप मृत व्यक्ति के आश्रित को एक-एक लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी।

## सचिव ने तालाब, पार्क और वेंडर मार्केट का डीपीआर तेजी से बनाने का दिया निर्देश

**RANCHI :** तालाब, पार्क और वेंडर मार्केट का डीपीआर तेजी से बनाने का निर्देश दिया गया है। यह निर्देश नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे ने दिया है। उन्होंने 15वें वित्त आयोग के तहत शहरों में बनने वाले तालाब, पार्क और वेंडर मार्केट के लिए डीपीआर बनाने के काम में तेजी लेन का निर्देश दिया है। उन्होंने नगर निकाय के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। अमृत योजना के तहत सचिव ने निर्देश दिया कि जहां टेंडर निष्पादित हो गया हा वहां कायादेश दे दिया जाये लेकिन काम मानसून के बाद शुरू कराया जाये। इसके आलावा सचिव ने जुडको के अधिकारियों को पेयजलापूर्ति योजनाओं को ससमय पूरा कराने का निर्देश दिया। काटाटोली फ्लाईओवर के काम को जल्द पूरा कराने के लिए कहा।

## आयोग के सदस्य ने की स्कूलों में ग्रीष्म अवकाश की अवधि बढ़ाने की मांग

**RANCHI :** झारखंड में भीषण गर्मी पड़ रही है। कई जिलों का पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने से लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके मद्देनजर झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्वल तिवारी ने सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड को पत्र लिख कर राज्य में संचालित सभी विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश की अवधि बढ़ाने की मांग की है। उज्वल तिवारी ने पत्र के माध्यम से सचिव को अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान समय में राज्य के लगभग सभी जिलों में लू एवं चिलचिलाती गरमी पड़ रही है। मौसम विभाग द्वारा भी इस संबंध में सूचना प्रसारित है कि आगामी कुछ दिनों तक राज्य में लू एवं चिलचिलाती गरमी की संभावना है। लेकिन राज्य में संचालित कुछ विद्यालयों द्वारा घोषित ग्रीष्म अवकाश की अवधि समाप्त चुकी है एवं विद्यालय में कक्षा का संचालन किया जा रहा है।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# PLFI एरिया कमांडर विश्राम कोंगाड़ी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## एक देसी कट्टा, एक .303 का जिंदा कारतूस व पीएलएफआई का पर्चा बरामद

**CRIME REPORTER RANCHI :** पुलिस पीएलएफआई पर नकेल कसने में लगातार सफलता पा रही है। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के गिरफ्तार होने के बाद संगठन को मजबूत करने के प्रयास में जुटे पीएलएफआई के एरिया कमांडर विश्राम कोंगाड़ी उर्फ मोटा उर्फ सुकरा को पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र के सुकरा उड़ीकेल से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक देसी कट्टा, एक .303 का जिंदा कारतूस, पीएलएफआई का पर्चा और चंदा रसीद बरामद की है। ये जानकारी शनिवार को ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।



प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी देते रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ● फोटोन न्यूज

**विश्राम कोनगाड़ी को मिलने वाला था बड़ा पद :** ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पीएलएफआई का एरिया कमांडर विश्राम कोंगाड़ी संगठन मजबूत करने के लिए पैसे की जुगाड़ में था। इसके लिए लेवी वसूलने के लिए उसने चंदा रसीद काट रखा था। वह दिनेश गोप का करीबी रहा है। दिनेश गोप के पकड़े जाने के बाद उसे बड़ा पद मिलने वाला था। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि विश्राम उड़ीकेल बड़काटोली क्षेत्र में भ्रमणशील था। वह किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने वाला था। इसकी सूचना मिलने पर टीम गठित कर छापामारी की गयी, जिसमें उसे गिरफ्तार किया गया।

**एरिया कमांडर के खिलाफ 10 केस दर्ज :** ग्रामीण एसपी ने कहा कि पीएलएफआई के खिलाफ लगातार मिल रही सफलता से पुलिस का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने उग्रवादियों से अपील की है कि वे सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठायें और आत्मसमर्पण कर दें। ग्रामीण एसपी ने बताया कि विश्राम कोंगाड़ी के खिलाफ तोरपा, रनिया, बानो और जरियागढ़ थाना में दस मामले दर्ज हैं। इनमें लूट और कई मामले शामिल हैं। वह दो बार जेल भी जा चुका है। विश्राम के गिरफ्तारी अभियान में तोरपा एसडीपीओ ओम प्रकाश तिवारी, इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह, रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार, पुअनि निशांत केरकेट्टा, संदीप केरकेट्टा और सशस्त्र बल शामिल थे।

# कल से HC के नए भवन में होगी सुनवाई, PIL सूचीबद्ध


**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन में 12 जून से दोपहर लगभग दो बजे सुनवाई शुरू हो जायेगी। इस नये भवन में जिस मामले की सबसे पहले सुनवाई हो रही है वो मामला है झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ की गयी अपील। पहले ही दिन यहां संविधान पीठ बैठेगी, जिसमें चीफ जस्टिस समेत पांच जज शामिल रहेंगे। इस मामले में सुनवाई के बाद पीठ यह फैसला लेगी कि जेट के आदेश के खिलाफ अपील हाई कोर्ट की एकलपीठ में होगी या खंडपीठ में। नये भवन में लिया जाने वाला यह अहम फैसला होगा। इसमें झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा, जस्टिस रत्नाकर भेंगरा, जस्टिस अनुभा रावत चौधरी, जस्टिस दीपक रौशन और जस्टिस नवनीत कुमार की संविधान पीठ सुनवाई के बाद फैसला करेगी। इस मामले में दो अलग- अलग आदेश आया था। झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की गयी थी। फैसले में कहा गया कि जेट के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील की जाएगी जबकि एक दूसरे मामले में दूसरे बेंच ने कहा कि एकल पीठ में ही अपील की सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस ने संविधान पीठ में मामले को स्थानांतरित करते हुए सुनवाई के लिए पांच जजों के बेंच का गठन किया है। 12 जून को सिर्फ इस मामले में ही नहीं हाई कोर्ट में जनहित याचिकाएं भी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गयी हैं। इन याचिकाओं में जेल में सुधार और क्षमता से अधिक कैदियों के रखे जाने का मामला लंबित है।

### पहले दिन सम्मानित होंगे वरीय अधिवक्ता

धुर्वा के तिरिल स्थित झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन में 12 जून से कोर्ट की कार्रवाई पूर्ण रूप से शुरू हो जाएगी। पहले दिन हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। वरीय अधिवक्ताओं को हाई कोर्ट के नए भवन के सेंट्रल लॉबी जो कोर्ट नंबर एक के विपरीत में है, वहां दोपहर 1:30 बजे सम्मानित किया जाएगा। इसे लेकर हाई कोर्ट के सभी वरीय अधिवक्ताओं को हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से पत्र भेजा गया है। झारखंड हाई कोर्ट में वर्तमान में वरीय अधिवक्ताओं की संख्या करीब 25 है।

# झारखंड की सिंगिंग क्वीन नाजिया चाहत मुंबई में मचा रही है धमाल

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की सिंगिंग क्वीन नाजिया चाहत मुंबई में धमाल मचा रही हैं। नाजिया चाहत गिरिडीह जिले से लगभग 85 किलोमीटर दूरी पर स्थित गावां प्रखंड की रहने वाली हैं। मध्यवर्गीय परिवार से आने वाली नाजिया अपने सपनों के लिए सबसे लड़ी और आज मुंबई जैसी मायानगरी शहर में रहकर अपने और झारखंड के लिए एक अलग पहचान बनाई है। मुंबई में नाजिया टी-सीरीज विंग्स म्यूजिक कंपनी एंड वन फिल्म एंड म्यूजिक प्रोडक्शन जैसे कंपनियों से गाना गा चुकी हैं। साथ ही उनके और भी प्रोजेक्ट हैं जो बहुत जल्द सुनने को मिलेगा, अपनी मेहनत और लगन से आज डिजिटल युग में इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाखों फॉलोवर्स हैं। नाजिया हाल में ही हिंदी ओनर्स में मास्टर डिग्री की शिक्षा रांची यूनिवर्सिटी से पूरी की है। नाजिया बताती हैं मेरी जर्नी बहुत ही कष्टों से भरी रही है, फिर भी कभी हार ना मान कर अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने की हौसला रखती हूं। अपने गांव में मैं शिक्षिका की भूमिका को भी निभा चुकी हूं। नाजिया कहती हैं कि शुरूआत के दिनों में लोग मेरी मदद करना नहीं चाहते थे। धीरे-धीरे मेरे मेहनत को लोगों ने देखा उसके बाद मुझे लोग मदद करने लगे। मैंने शुरूआत के दिनों से ही दिन-रात कठोर मेहनत की और आज सक्सेस की सीढ़ी पर हूं। नाजिया ने कहा मेरे मेहनत को आप किसी भी ऑडियो प्लेटफार्म और गूगल पर भी नाम सर्च करके पूरे गीत को सुन सकते हैं। साथ ही नाजिया ने बताया मेरे कई सारे प्रोजेक्ट बनकर तैयार हैं जो जल्द ही बड़े-बड़े प्लेटफार्म से सुनने को मिलेंगे।



नाजिया चाहत की फाइल फोटो।

## कल से तीन दिवसीय ओटीएस कैंप शुरू

**RANCHI :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा सोमवार से रांची के विभिन्न क्षेत्रों में वन टाइम सेटलमेंट स्कीम का आयोजन किया जाएगा। यह तीन दिवसीय ओटीएस स्कीम है। यह स्कीम 12 जून से 14 जून तक चलेगा। कैंप प्रत्येक दिन रांची के 20 जगहों पर कैंप लगाएं जाएंगे। 12 जून को डोरंड झांड़ा चौक, राजभवन, मोरहाबादी मैदान, चंदाघासी, बालालौंग चौक, सैनिक मार्केट, हममू, पिठोरिया, बांधगाड़ी, डुमरी मांडर, सिलगाई, नाउज बुढमू, होयर बचरा, बांधया नगड़ी, चौकाहतू सोनाहातू, बारेडीह, चिलदाग पंचायत भवन, अनगढ़ा, कुटे ओरमांझी, टुनडाहोली पंचायत भवन शामिल है। 13 जून को यहां लगेगा ओटीएस कैंप को सेवासदन, बरियातू, कोकर बिजली कार्यालय, लोधमा बस्ती, सिठियो पंचायत भवन, पुनदाग, सैनिक मार्केट, बोरिया पंचायत भवन, इंदिरा पैलेस हीनू, गुडागुडजारी मांडर, चान्हो, चैनगड़ा बुढमू, बुकाबुका कचरा, बारीडीह इटकी, राहे ब्लाक परिसर, बारेंदा सोनाहतू, सिदरौल बाजार, सिल्ली पीएसएस, हुनदुर ओरमांझी, जयडीहा ओरमांझी में कैंप लगाया जाएगा।

# झारखंड में कल से PRE-MONSOON तपती गर्मी से लोगों को मिलेगी राहत

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में गर्मी का कहर अगले तीन-चार दिनों तक जारी रहेगा। राज्य के तकरीबन सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि. के आसपास ही रहेगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने 12 जून से पहले तपती गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिलेगी। 11 जून से राज्य के कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 12 जून प्री-मानसून से भी थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, 12 जून से कुछ जगहों पर मौसम में बदलाव हो सकता है। कुछ जिलों में आंशिक बादल छाये रहने के साथ, हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की बात कही गयी है। 15 जून के बाद ही पूरे राज्य में लोगों को गर्मी से हल्की राहत की उम्मीद है। विभाग की मानें तो दक्षिणी पश्चिमी मानसून के प्रवेश करने के बाद अब 18 जून तक मानसून झारखंड में पहुंच सकता है, जिसके बाद लोगों को तेज गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम केंद्र ने अगले चार दिनों के लिए अलग-अलग इलाकों को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 11-12 को संताल परगना के सभी जिलों के साथ गिरिडीह के लिए मौसम केंद्र ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। शेष जिलों के लिए येलो अलर्ट है। 13 को केवल गिरिडीह के लिए येलो अलर्ट है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुछ भागों में अगले एक से तीन घंटे में बारिश के प्रबल संभावना है। इस दौरान हल्के से मध्यम दर्जे की गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है। मौसम को देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। गोड्डा का तापमान शनिवार सुबह 44.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पलामू और देवघर जिला का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस, गढ़वा और पश्चिमी सिंहभूम का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो राज्य के अधिकतम तापमान में से है। वहीं, राजधानी का अधिकतम 39.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। तेज गर्मी को देखते हुए पहले ही विभाग ने चेतावनी जारी कर रहा है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की चेतावनी दी गयी है।

# रिम्स में डॉक्टर व मरीज के बीच जमकर हुई मारपीट

**CRIME REPORTER RANCHI :** रिम्स में एक बार फिर से डॉक्टरों की दबंगई देखने को मिली है। मेडिसिन विभाग में डॉ अजीत डुंगडुंग के वार्ड में भर्ती एक मरीज और जूनियर डॉक्टरों के बीच कुछ बात को लेकर कहासुनी हो गई। मामले ने तूल पकड़ लिया और मामला मारपीट में तब्दील हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक हॉस्टल से भी डॉक्टरों ने आकर परिजनों के साथ मारपीट की है।

**चिकित्सक इमरजेंसी के बाहर धरने पर बैठे**

चिकित्सक इमरजेंसी के बाहर धरने पर बैठे हैं। चिकित्सक कार्य बहिष्कार करने की बात कह रहे हैं। जूनियर डॉक्टरों ने डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट के खिलाफ भी खूब नारेबाजी की है। एक जूनियर डॉक्टर वरुण के साथ परिजनों ने बदसलूकी की, जिसके बाद जूनियर डॉक्टरों ने परिजन की पिटाई कर दी।



**वार्ड में मच गई अफरा-तफरी**

मारपीट की घटना के बाद कुछ देर के लिए वार्ड में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि मौके पर होमगार्ड के जवानों ने मोर्चा संभालते हुए मामले को शांत कराया।

## झारखंड से 30 पेंशनर्स 21 जुलाई को संसद मार्च में भाग लेंगे

**RANCHI :** पोस्टल व आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की शनिवार को शहीद चौक स्थित जीपीओ में बैठक हुई। केडी राय ने कहा कि बकाया भुगतान की मांग को लेकर राज्य से 30 पेंशनर्स 21 जुलाई को संसद मार्च में भाग लेने दिल्ली जायेंगे। इस मार्च में रांची के आठ लोग एमजेड खान, साधन कुमार सिन्हा, केडी राय, त्रिवेणी ठाकुर, त्रिलोकी नाथ साहू, गौतम विश्वास, रामचंद्र प्रसाद और राम नरेश पांडे शामिल होंगे। एसोसिएशन के राज्य सचिव एमजेड खान ने कहा कि नई पेंशन योजना की वापसी के लिए 23 मई से हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। एसपी मंडल 3 जुलाई को दुमका में यूनिट का गठन करेंगे। 5 जुलाई को देवघर में बैठक करेंगे। कहा कि 2018 से पोस्टमैन के बकाया के भुगतान को लेकर एसोसिएशन दिल्ली में डाक विभाग के अफसरों से मिलेंगे।

# पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन कल

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन (जेएसएसयू) के झारखंड बंद के मद्देनजर रेलवे ने पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन के ट्रायल रन को रिशेड्यूल किया है। पटना से रांची तक वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन 11 जून को होना था लेकिन तारीख को एक दिन आगे बढ़ा दिया गया है। अब 12 जून को पटना से रांची और रांची से पटना के लिए ट्रेन का ट्रायल रन होगा। उल्लेखनीय है कि जेएसएसयू ने राज्य सरकार की 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ 10 और 11 जून को झारखंड बंद का आह्वान किया है। पटना से 12 जून को सुबह 6.55 बजे ट्रायल रन शुरू होगा। यह ट्रेन सुबह 8.20 बजे गया पहुंचेगी। बरकाकाना पहुंचने का टाइम 11.30 रहेगा। दोपहर एक बजे यह ट्रेन रांची रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस दौरान जहानाबाद स्टेशन, कोडरमा, हजारीबाग और मेसरा में भी ट्रेन रुकेगी। अभी तक की प्लानिंग के मुताबिक गया में 10 मिनट और बरकाकाना में पांच मिनट ट्रेन रुकेगी। 12 जून को ही रांची रेलवे स्टेशन से 14.20 बजे ( 2 बजकर 20 मिनट) वंदे भारत ट्रेन पटना के लिए रवाना होगी। टाटीसिल्वे में बिना रुके 3.30 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। इसके बाद शाम सात बजे गया और फिर 20.25 बजे (शाम 8 बजकर 25 मिनट) पटना पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन को मेसरा, हजारीबाग, कोडरमा और जहानाबाद में प्रस्तावित स्टॉपेज पर रोका जाएगा।

इस बाबत पूर्व मध्य रेलवे के सीपीटीएम ने दानापुर, मुगलसराय और धनबाद डिवीजन के सीनियर डिविजनल ऑपरेशंस मैनेजर को रिवाइज्ड लेटर जारी कर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। पत्र के मुताबिक दानापुर के एक ट्रैफिक इंसपेक्टर को पटना से गया तक फुट प्लेटिंग और मिनट टू मिनट टाइम रिकॉर्डिंग करने को कहा गया है जबकि धनबाद डिवीजन को गया से रांची जाने और लौटने के दौरान फुट प्लेटिंग और मिनट टू मिनट टाइम रिकॉर्डिंग करना है। ट्रायल रन के दौरान वंदे भारत की आठ बोगियां लगाई जाएंगी। हालांकि, अभी तक इसके किराये का खुलासा नहीं किया गया है।

उल्लेखनीय है कि पटना और रांची के बीच शुरू होने जा रही वंदे भारत ट्रेन को लेकर दोनों राज्यों के लोग बेहद उत्साहित हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि, यह ट्रेन ना सिर्फ आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, बल्कि यह महज 6 घंटे में पटना और रांची के बीच की दूरी तय कर लेगी।



वंदे भारत ट्रेन

## पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना और रिपब्लिक कोरिया के बीच होगा दूसरा सेमीफाइनल मैच

# WOMENS JUNIOR ASIA CUP : भारतीय टीम ने जापान को 1-0 से हराकर फाइनल में बनायी जगह

**PHOTON NEWS RANCHI :** जापान के काकामीगहारा में खेले जा रहे महिला जूनियर एशिया कप हॉकी 2023 के सेमी फाइनल में भारतीय टीम ने जापान को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। यह दूसरा मौका है, जब भारतीय टीम महिला जूनियर एशिया कप के फाइनल में पहुंची है। इससे पहले 2012 में भारतीय टीम ने फाइनल मुकाबला खेला था। इस जीत के साथ भारत ने इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन जूनियर हॉकी महिला विश्व कप 2023 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। जो 29 नवंबर से 10 दिसंबर तक चिली रे सैंटियागो में आयोजित किया जायेगा।



**टीम में सिमडेगा की भी तीन खिलाड़ी भी शामिल :** बता दें कि एशिया कप के फाइनल पहुंचने वाली 18 सदस्यी जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम में सिमडेगा की भी तीन खिलाड़ी हैं। इन खिलाड़ियों का नाम दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और रोपनी कुमारी है, जिसे सिमड़ेगा के खेल प्रेमियों ने फाइनल मे पहुंचने पर बधाई दी है।

### दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा भारतीय टीम का मुकाबला

भारत ने शुरूआत से आक्रामक खेल दिराकर जापान पर दबाव बनाता रहा। तीन क्वार्टर तक दोनों टीमों कि ओर से कोई गोल नहीं हुआ। लेकिन चौथे क्वार्टर में एकमात्र गोल सुनिलिता टोप्पो ने 46वें मिनट में किया और भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। बता दें कि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना और रिपब्लिक कोरिया के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला जायेगा। इसमें जो टीम विजेता होगी, उसके और भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के बीच 11 जून रविवार को फाइनल मैच खेला जायेगा।

ASIAN TRACK CYCLING CHAMPIONSHIP

# भारतीय टीम में झारखंड की पहली महिला खिलाड़ी सरिता का चयन

**PHOTON NEWS RANCHI :** मलेशिया में 14 से 19 जून तक आयोजित एशियन ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए झारखंड की सरिता कुमारी का चयन भारतीय टीम में हुआ है। सरिता झारखंड की पहली महिला खिलाड़ी होगी, जो इस चैंपियनशिप में भाग लेगी। एशियन जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए इंडियन टीम शनिवार को मलेशिया रवाना हुई। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव सरदार मनिंदर पाल सिंह ने झारखंड साइकिल संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक को यह जानकारी दी।



**लोहरदगा जिले की रहने वाली है सरिता कुमारी :** सरिता कुमारी मूल रूप से झारखंड की लोहरदगा जिले की रहने वाली है। वह वर्तमान में पटियाला में रहकर साइकिलिंग की ट्रेनिंग ले रही है। सरिता कुमारी ने अब तक जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय खेलो इंडिया आदि प्रतियोगिता में कई पदक हासिल किया है। उनका भारतीय टीम में चयन होने पर खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, डॉ. मधुकांत पाठक, शैलेंद्र पाठक, संदीप खन्ना, अम्लान कुसुम सिन्हा, सुरेश कुमार आदि समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

RAMGARH उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# बालू के उठाव पर रोक के निर्देश का सख्ती से कराएं अनुपालन : उपायुक्त

PHOTON NEWS RAMGARH

शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष पांडे के द्वारा जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गया कार्यों की जानकारी ली गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा जारी निर्देश के आलोक में 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर पूरी तरह से रोक है।



बैठक में शामिल उपायुक्त माधवी मिश्रा व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

इस संबंध में उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य अधिकारियों को सख्ती से इसका अनुपालन रामगढ़ जिले में सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने कहा कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक की अवधि में केवल आधिकारिक स्टॉकिस्ट के द्वारा ही बालू का विक्रय किया जा सकेगा। इस दौरान उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे स्टॉकिस्ट का नियमित रूप से निरीक्षण कर उनके स्टॉक की जांच करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि आगामी बरसात के मौसम के मद्देनजर लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर यह बहुत जरूरी है कि सभी एजेंसियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारी अपने किसी भी क्षेत्र में अवैध मुहानों के माध्यम से कोयला ना निकालें। इसके लिए उपायुक्त ने एजेंसियों एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर सभी अवैध मुहानों को अच्छी तरह से बंद रखना सुनिश्चित करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपस्थित कारखाना निरीक्षक सहित अन्य खनन संबंधित अधिकारियों को उपायुक्त ने नियमित रूप से कारखानों का निरीक्षण करने एवं नियमानुसार कारखानों का संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने नियमित रूप से इससे संबंधित जांच प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु, जिला खनन पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों/ प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## खूंटी : हाइवा और कार में हुई भिड़ंत, कार चालक छात्रा की मौत



घटना स्थल पर जुटे लोग। ● द फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS KHUNTI

खूंटी-रांची रोड में कोबरा बटालियन के समीप शनिवार को हाइवा और कार के बीच आमने-सामने की हुई टक्कर में कार चला रही छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को इलाज के लिए तुरंत सिंह मोड़ रांची के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक युवती की पहचान खूंटी के तोरपा रोड स्थित छत्रपाल नगर निवासी हरिश्चंद्र नाग की पुत्री निक्की कुमारी (22) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार निक्की रांची के मारवाड़ी कॉलेज में बीएससी की छात्रा थी। बताया गया कि शनिवार सुबह वह बीएससी की परीक्षा देने योगदा कॉलेज धुर्वा स्थित परीक्षा केंद्र जा रही थी। उसी दौरान कोबरा बटालियन के समीप रांची की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक हाइवा ट्रक से कार की भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इससे ड्राइविंग सीट में निक्की की मौत हो गई।

दुर्घटना के बाद व्याप्त अफरा-तफरी का लाभ उठाकर ट्रक चालक ट्रक को घटनास्थल में छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है। बाद में युवती के शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने उसे स्वजनों को सौंप दिया। इस संबंध में खूंटी थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## कोडरमा में नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, छह गिरफ्तार

PHOTON NEWS KODARMA

जयनगर थाना अंतर्गत बांझेडीह फोरलेन के समीप नकली अंग्रेजी शराब बनाकर और झारखंड उत्पाद का नकली लेवल लगाकर बेचने के मामले का भंडाफोड़ किया गया है। यहां नकली शराब फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली शराब बनाने का काम होता था। इस बाबत जयनगर में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी।



फैक्ट्री में नकली शराब व गिरफ्तार अपराधी। ● द फोटोन न्यूज

पुलिस ने अभियुक्त पंकज कुमार यादव ( ग्राम डूमरडीहा थाना जयनगर), बिपिन कुमार (ग्राम कुमरहुवा थाना रजौली, जिला नवादा), पवन कुमार यादव (ग्राम चेचाई, थाना कोडरमा), पवन पासवान ( ग्राम चेचाई, थाना कोडरमा), संदीप यादव (ग्राम बदडीहा, थाना कोडरमा) और महेश यादव ( ग्राम बदडीहा, थाना कोडरमा) को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशनुसार मंडल कारा कोडरमा में भेज दिया है।

छापेमारी स्थल से नकली शराब बनाने की सामग्री बोतल स्टीकर, स्प्रिट, ड्रम बरामद किया गया। पकड़े गए दोनों व्यक्ति मकान मालिक पंकज कुमार यादव और विपिन कुमार से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि इस कार्य में हम दोनों के अलावा भोली यादव, पवन कुमार यादव, पवन कुमार पासवान, संदीप यादव, महेश यादव, रवि पंडित, सुभाष कुमार पंडित, मंटू कुमार भी शामिल हैं।

थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने बताया उपरोक्त लोगों के द्वारा बांझेडीह फोर लाइन पंकज कुमार यादव के नए मकान में बड़े पैमाने पर अवैध अंग्रेजी शराब बनाया जा रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार अवैध रूप से स्प्रिट एवं केमिकल मिलाकर नकली शराब तैयार कर बोतल बंद कर उस पर नकली ब्रांड का लेबल तथा झारखंड उत्पाद का नकली स्टिकर लगाकर अवैध नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण एवं बिक्री करना संज्ञेय अपराध है।

## गिरिडीह में अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त, दो गिरफ्तार

GIRIDIH : जिले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के बराकर नदी से अवैध बालू उठाव करने वालों के खिलाफ स्थानीय प्रशासन व वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बताया गया कि शनिवार को जिला खनन पदाधिकारी सतीश नायक, एसडीपीओ अनिल सिंह, रेंजर एसके रवि, जिला खनन निरीक्षण अभिजीत मजूमदार और पीरटांड थाना प्रभारी डिल्शन विरुआ ने छापेमारी कर बराकर नदी से अवैध बालू का उत्खनन कर ले जा रहे चार ट्रैक्टरों को जब्त किया है। जब्त चारों ट्रैक्टरों को पीरटांड़ थाने में रखा गया है। इस बाबत वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार ट्रैक्टर ड्राइवर उमेश साव, अफजल अंसारी हैं। साथ ही ट्रैक्टर मालिक पर भी कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में भी कई ट्रैक्टर पकड़े गए हैं। छापेमारी टीम में वरीय पदाधिकारी के अलावा प्रभारी वनपाल रोहित कुमार, सूरज चौधरी, दीपक कुमार, सुमित सिंह, रोसी रंजन, चंदन कुमार दास आदि शामिल थे।

## झारखंड बंद समर्थकों ने कई जगहों पर लगाया जाम

PHOTON NEWS BOKARO

नियोजन नीति 60/40 को लेकर झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन ने आज से दो दिवसीय झारखंड बंद के तहत एनएच 23 पेटरवार, बोकारो और रांची मुख्य सड़क को पूरी तरह से जाम कर दिया। इस दौरान बंद समर्थकों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।



सड़क पर उतरे बंद समर्थक। ● द फोटोन न्यूज

बंद समर्थकों ने परीक्षार्थी, एम्बुलेंस, डॉक्टर, बीमार लोगों को आने-जाने दिया। बोकारो-रांची मुख्य सड़क जाम होने के पश्चात सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी। बंदी के कारण यात्री काफी परेशान नजर आ रहे थे। यात्रियों का कहना है कि इस तरह जाम कर लोगों को परेशान किया जाता है। यदि बंद ही करना है तो सरकारी कार्यालय बंद करें, जिससे उनकी मांग पूरी हो सके।

इस दौरान कई बंद समर्थकों को गिरफ्तार भी गया। इसमें जगन्नाथ रजवार, परमेश्वर महतो, परमेश्वर रजवार, मनोज कुमार महतो, अर्जून रजवार, बिरु महतो, पटल चन्द्र महतो, चिनीवास महतो, मानिक महतो, वरुण रजवार, गौउर चन्द्र दास, गोपाल रजवार, अघनु महतो, झण्डु महतो, बलराम महतो, रवि महतो, राकेश कुमार महतो, दिलीप कुमार मोदी, दिनेश कुमार महतो, मनपुरण महतो, अशोक दास, चेपु महतो, अरविन्द महतो, निलकण्ठ रजवार, राहुल रजवार, गौतम महतो, धिरेन महतो, निलेश महतो, सुखदेव महतो, कैलाश महतो, प्रभु महतो, जनकी महतो, मथुर महतो को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने चन्दनकियारी पुलिस बल के सहयोग से गिरफ्तार कर जाम को हटाया गया। बाद में बन्द समर्थकों को रिहा किया गया।

## निपुण भारत मिशन, झारखंड शैक्षणिक सत्र के तहत कार्यशाला का आयोजन

PHOTON NEWS KHUNTI

झारखंड शिक्षा परियोजना खूंटी के तत्वावधान में सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेंट गर्ल्स स्कूल, खूंटी के सभागार में शनिवार को निपुण भारत मिशन, झारखंड शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के तहत एफएलएन के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया।

मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने एफएलएन के संदर्भ में चर्चा करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में तीन से नौ वर्ष उम्र के स्कूली बच्चों की नींव को मजबूत करना है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का ही एक भाग है। उन्होंने कहा कि मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में विद्यार्थियों का खराब प्रदर्शन प्रारंभिक शिक्षा के दौरान स्कूली बच्चों की नींव कमजोर होना माना जाता है। इसलिए हमारा मुख्य फोकस बुनियादी शिक्षा के स्तर पर छात्र-छात्राओं की नींव को सुदृढ़ करना होना चाहिए।

उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं, बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा के क्षेत्र जुड़े स्वयंसेवी संस्थाओं को एफएलएन कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें हर आवश्यक मदद उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि कोरोना काल के दौरान छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन के कार्य की निरंतरता भंग हो गई थी। उन्होंने कहा कि हमें संगठित होकर प्रारंभिक एवं प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर बच्चों-बच्चियों की नींव को मजबूत करना होगा। कार्यक्रम के दौरान एफएलएन से जुड़े रांची की आइपीएल संस्था के सुशांत पाणि ने पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, निपुण भारत मिशन के विभिन्न घटकों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## बोकारो में चोरी के सात आरोपी भेजे गए जेल

BOKARO : बेरमो अनुमंडल के नावाडीह प्रखंड स्थित उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के कंजकिरो पंचायत स्थित पिपराडीह खैरागढ़ा मोड़ समीप से शुक्रवार की आधी रात लगभग 15 लाख का 82 डीआई पाईप भरा 1109 मिनी ट्रक सहित एक 407 वेन एवं एक कार को पुलिस ने जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपितों संतोष प्रजापति, राजेश साव, कमरूद्दीन अंसारी, कैलाश कुमार, टिंकू महतो, ठाकुर महतो, अब्दुल अंसारी को पकड़ कर जेल भेज दिया है। कई अन्य आरोपित रात के अंधेरे की फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने इस मामले में कांड संख्या 42/2023 के तहत मामला दर्ज किया है। इस अभियान में पुअनि मुन्ना कुमार राणा सहित सशस्त्र बल के कई जवान शामिल थे।



### पानी की शुद्धता की जांच के लिए महिलाओं के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

## अब गांव में ही हो सकेगी शुद्ध पानी की पहचान : सुधीर मंगलेश

PHOTON NEWS RAMGARH

दुलमी प्रखंड मुख्यालय सभागार में जल जीवन मिशन के तहत शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से पानी की शुद्धता की जांच के लिए महिलाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश शामिल हुए। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दस गांव के जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहिया दीदी, स्वयं सहायता समूह, सखी मंडल और तेजस्वी संस्था से एक-एक सदस्य शामिल हुए।




प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य सदस्य। ● द फोटोन न्यूज

ट्रेनिंग में उन्हें बताया गया कि उन्हें अपने-अपने गांव और क्षेत्र में कुआं और चापाकल आदि के पानी की जांच करनी है। बताया कि एक किट मशीन के माध्यम से पानी की शुद्धता की जांच करनी है। साथ ही ग्रामीणों को बताना है कि वह पानी पीने योग्य है या नहीं।

वहीं ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे महिलाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से झारखंड में बसे गांव, खेत, खलियान को भी दिखाया गया। जिसमें उन्हें बताया गया कि उन्हें गांव में पहुंचकर किस तरह से पानी की जांच की जानी है।

मौके बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने ट्रेनिंग का उद्देश्य बताते हुए कहा कि ग्रामीणों को यह बताया जा रहा है कि उन्हें शुद्ध और साफ पानी कैसे मिलेगी और इसके लिए उन्हें कौन-कौन से उपाय अपनाए जाने हैं। ताकि लोग कम बीमार पड़े। साथ ही चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो रहो को लेकर भी चर्चा किया गया साथ ही सभी किशोरियों एवं महिलाओं को स्वस्थ और कुशल जीवनशैली को प्रभावी बनाने के लिए महामारी स्वास्थ्य प्रबंधन के प्रति जागरूकता ज्ञान और सुविधाओं तक उसकी पहुंच को महत्वपूर्ण मानते हुए चुपी तोड़ो को अपनी सक्रिय भूमिका और भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सफल बनाने के लिए आह्वान किया गया।

मौके पर प्रखंड समन्वयक जगन्नाथ महतो, रसायनक रजी अहमद, प्रखंड बीस स्तरीय सदस्य दिलीप शर्मा, परमानंद सिंह, संत विलास करमाली, जल सहिया शीला देवी, सीमा देवी, सविता देवी, राधिका देवी, चुन्नी देवी, सरिता देवी, रेखा कुमारी, तनवीर परवीन, मीना देवी, रोशन कुमारी, आदि उपस्थित थी।

## BRIEF NEWS

### लोहरदगा में अवैध खनन एवं बालू परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश

LOHARDAGA : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें बालू के अवैध उठाव/परिवहन से संबंधित हुई कार्रवाई, बालू का स्टॉक, छापेमारी संबंधी समीक्षा की गई। सहायक खनन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध बालू के संबंध में छापेमारी करते रहें। साथ ही मामलों एफआईआर आदि की कार्रवाई करें। संबंधित थानों से संपर्क कर कार्रवाई निरंतर जारी रखें। बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अपर समाहर्ता समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल और सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

### लोहरदगा में सड़क दुर्घटना में आर्मी के जवान की मौत

LOHARDAGA : लोहरदगा-चंदवा सड़क पर महुआ टोली के पास टर्बो ट्रक और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में कुजरा गांव निवासी 40 वर्षीय बाइक सवार अशोक साहू की मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी अनुसार अशोक साहू होंदगा गांव रहने वाला था और कुछ दिन पहले ही कुजरा मेन रोड में मकान बनाकर रह रहा था. अशोक साहू आर्मी का जवान था. कुछ दिन पहले वह छुट्टी पर अपने घर आया था. वह ड्यूटी पर जाने के लिए टिकट बुक कराने लोहरदगा स्टेशन आ रहा था. इसी बीच दुर्घटना हो गई. दुर्घटना के बाद पुलिस ने टर्बो ट्रक को जब्त कर लिया है।

### धनबाद के गोविंदपुर अंचल कार्यालय का प्रधान सहायक घूस लेते गिरफ्तार

DHANBAD : डीएसपी नितिन खंडेलवाल के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने गोविंदपुर अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक परमानंद प्रसाद को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों धर दबोचा है। एसीबी उससे पूछताछ कर रही है। प्रधान सहायक गोरतोपा पंचायत के डोमनडीह निवासी सनातन हेंब्रम से उनके 28 एकड़ जमीन की रशीद काटने के एवज में दो लाख अस्सी हजार रुपये की घूस की मांग कर रहे थे। इसी की पहली किस्त के रूप में पंद्रह हजार रुपये लेते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है। जैसे ही एसीबी की छापेमारी हुई अंचल और ब्लॉक दोनों ही जगह पर हड़कंप मच गया। वहां से बीडीओ और सीओ फरार हो गए। साथ में तमाम कर्मचारी भी कार्यालय से भाग खड़े हुए। शिकायतकर्ता सनातन हेंब्रम ने कहा कि उसे अपने जमीन की रसीद कटवानी थी। वह 2 महीने से अंचल कार्यालय का चक्कर काट रहा था। अंत में उसे दस हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से रिश्वत की मांग की गई। उसने इसकी शिकायत एसीबी कर दी। धनबाद एसीबी के डीएसपी नितिन खंडेलवाल ने बताया कि शिकायत के बाद सत्यापन कराया गया। इसके बाद आज पैसे के साथ प्रधान सहायक को रंगे हाथों पकड़ा गया है। कार्यालय में तलाशी के दौरान 45 हजार रुपये नगदी जबकि उसके आवास पर छापेमारी की गई तो वहां से चार लाख दस हजार रुपये बरामद हुए हैं।

### गढ़वा में डैम में डूबने से तीन बच्चों की मौत

GARHWA : जिले के श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत जंगीपुर गांव में शनिवार को डैम में डूबने से तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई। इनमें सोनू उरांव, अंकज उरांव और रुप कुमारी हैं। बताया जाता है कि सभी बच्चे बकरी चराने गए थे। इसी दौरान तीनों बच्चे डैम में नहाने के लिए उतरे। नहाने के दौरान जब बच्चे गहरे पानी में डूबने लगे तो चिल्लाकर उन्होंने बचाने की गुहार भी लगाई। बच्चों की आवाज सुनकर पास ही में खड़ी एक महिला ने भी चिल्लाना शुरू किया। इसके बाद ही मौके पर आसपास के लोग वहां पहुंचे और कुछ लोगों ने डैम में कूद कर बच्चों को बचाने का प्रयास भी किया। बच्चों को जब तक बाहर निकाल कर उन्हें बचाया जाता तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया।

### कोयलांचल भुरकुंडा में बेअसर रहा झारखंड बंद

RAMGARH : कोयलांचल भुरकुंडा सहित आसपास के क्षेत्रो मे 60-40 मामले को लेकर शनिवार को आहुत झारखंड बंद बेअसर रहा। कोयलांचल के भुरकुंडा, रीवर साइड, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, पटेलनगर, सौंदा बस्ती में बंद बेअसर रहा। कोयललांचल के अन्य क्षेत्रो में भी अन्य दिनो की तरह सड़को पर छोटे-बडे. वाहनो का आवागमन होता रहा। बाजार और प्रतिष्ठान खुले रहें। बाजार में अन्य दिनो की तरह खरीदारी के लोगो की भीड़ उमड़ी रही।

### कोल माइंस वर्कर्स यूनियन बरका-सयाल क्षेत्रीय कार्यालय में शहीद बिरसा मुंडा का मना शहादत दिवस

RAMGARH : कोल माइंस वर्कर्स यूनियन बरका-सयाल क्षेत्रीय कार्यालय नकारी में शुक्रवार को शहीद वीर बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सोमरा मुंडा व संचालन मोर्चा के केंद्रीय महासचिव नरेश नायक ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत यूनियन के क्षेत्रीय सचिव सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने भी उनके तस्वीर पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। मौके पर डॉ. आशीष कुमार ने बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिरसा मुंडा झारखंड में अंग्रेजों को भगाने के लिए उलगुलान करते हुए शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के अधूरे सपनों को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धाजंलि होगी। साथ ही हमसबों का यही दायित्व भी है।

### नई नियोजन नीति के विरोध में पतरातू में छात्रों ने किया सड़क जाम

RAMGARH : झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन की ओर से बुलाए गए झारखंड बंद की सफलता को ले पीटीपीएस पतरातू न्यू मार्केट चैक एवं पतरातू लेक रिसॉर्ट डैम स्थित पतरातु रांची मुख्य मार्ग पर बंद समर्थक छात्र नेता छात्रों के संग शनिवार को सड़क पर उतरे। इस दौरान छात्र नेता और उनके समर्थक छात्रों ने सड़कों पर चलने वाले सभी वाहन चालकों से झारखंड बंद होने की बात का हवाला देते हुए वाहन नहीं चलाने और बंद को समर्थन देने की मांग की। इस दौरान बंदी के समर्थकों द्वारा जमकर नारे भी लगाए गए। साथ ही 60-40 नियोजन नीति को वापस करते हुए खतियान आधारित नियोजन नीति लागू करने की मांग की गई। बंद समर्थक छात्रों ने कहा कि झारखंड को बने 23 साल हो गए लेकिन आज तक सरकार यहां के युवाओं के लिए एक नियोजन नीति भी नहीं बना सकी। कथित तौर पर प्रस्तावित 60-40 के अनुपात में नियोजन नीति लाने की तैयारी में राज सरकार है। जिसका यहां के छात्र समुदाय विरोध करते हैं और इसे लेकर ही झारखंड बंद बुलाया गया है। इस दौरान कई मुख्य सड़कों को बंद समर्थकों ने बाधित करने का प्रयास किया ताकि बंद को सफल बनाया जा सके। बंद किए गए जगहों पर बंद समर्थकों ने सड़क को बांस-बल्ली से बाधित कर सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया। लेकिन पतरातू पुलिस के मुस्तैदी के कारण बंद समर्थकों को ज्यादा देर सड़क जाम नहीं करने दिया गया।

### कुमार क्लासेस पटेलनगर भुरकुंडा करियर काउंसलिंग का आयोजन

RAMGARH : पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस के मार्गदर्शन में आयोजित करियर काउंस्लिंग बोर्ड स्कॉलरशिप टेस्ट 2023 के सफल प्रतिभागियों के लिए शनिवार को संस्था में करियर काउंस्लिग का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने अपनी इच्छानुसार स्कॉलरशिप के आधार पर विभिन्न कॉलेजों में अलग-अलग कोर्सेस जैसे डिप्लोमा, बीसीए, नर्सिंग आदि में अपना नामांकन कराया। मौके पर संस्था के निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि बच्चे कांउस्लिंग में बड़े उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। साथ ही अपने स्कॉलरशिप के आधार पर टेक्निकल कोर्स में अपना नामांकन करा रहे हैं। स्कॉलरशिप टेस्ट परीक्षा का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को आगे की पढ़ाई में स्कॉलरशिप का लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि संस्था की ओर से बच्चों को पढ़ाई में हर संभव मदद की जायेगी।

# पूर्वी सिंहभूम जिले के 1069 गांव MALARIA जोन घोषित

## ब्रेन मलेरिया के 5100 व सामान्य मलेरिया के 691 रोगी मिले, दिये गए दिशा-निर्देश

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** अब कुछ ही दिनों में बरसात आने वाला है। ऐसे में उस दौरान मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम अभी से ही इससे निपटने में जुट गई है। दरअसल, पूर्वी सिंहभूम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया का प्रकोप अधिक देखने को मिलता है।

इसके मद्देनजर जिले के 155 उप-स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत कुल एक हजार 69 गांव को मलेरिया जोन के रूप में चिन्हित किया गया है। इसमें से अधिकांश गांव बहरागोड़ा, चाकुलिया, डुमरिया, मुसाबनी प्रखंड में आते हैं। इन सभी गांवों के लिए विशेष रणनीति तैयार किया जा रहा है। ताकि कम से कम मरीज मलेरिया की चपेट में आएं। इन गांवों में विभाग की ओर से कुल तीन लाख 18 हजार 107 मेडिकेटेड मच्छरदानी बांटी गई है। ताकि उन्हें मच्छरों से बचाया जा सकें। मालूम हो कि मलेरिया फीमेल एनोफिलीज मच्छर के काटने से होता है।

### इस तरह बढ़ रहे मलेरिया के मरीज

| वर्ष | सामान्य मलेरिया | ब्रेन मलेरिया | कुल |
|---|---|---|---|
| 2019 | 240 | 2224 | 2464 |
| 2020 | 75 | 817 | 892 |
| 2021 | 125 | 1015 | 1140 |
| 2022 | 251 | 1044 | 1295 |
| कुल | 691 | 5100 | 5791 |



> ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया का प्रकोप अधिक देखा जाता है। इसे लेकर पदाधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। ताकि कम से कम लोग संक्रमित हो।
> – डा. जुझार माझी, सिविल सर्जन।

**चार साल में मलेरिया के मिले साढ़े पांच हजार से अधिक मरीज :** जिला स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बीते चार साल में मलेरिया के कुल पांच हजार 791 मरीज मिले हैं। इसमें ब्रेन मलेरिया के पांच हजार 100 मरीज शामिल हैं। जबकि सामान्य मलेरिया के 691 मरीज शामिल हैं। आंकड़ा से स्पष्ट होता है कि जिले में ब्रेन मलेरिया का प्रकोप अधिक है।


# निजी स्कूलों के ग्रीष्मावकाश को 12 दिन बढ़ाने की मांग

- जमशेदपुर अभिभावक संघ ने डीसी को ज्ञापन सौंप बच्चों के हित में फैसला लेने की मांग की

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर शहर भीषण गर्मी कि चपेट में हैं। वर्तमान में जमशेदपुर शहर को कोल्हान क्षेत्र में सबसे गर्म शहर का खिताब दिया गया है। अभी शहर का अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस है। ऐसे में पारा के बढ़ते स्तर के प्रतिकुल प्रभाव के बारे में चिंता पैदा कर दी है।

मौसम विभाग भी इस झुलसा देने वाली गर्मी से बचने के लिए अनावश्यक घर से बाहर निकलने की सलाह दी है।

ग्रीष्मावकाश के बाद 12 जून से स्कूलों को खोलने की पूर्व घोषणा की जा चुकी है। ऐसे में अगर बच्चे इस प्रचंड गर्मी में स्कूल आते हैं तो इसका उनके स्वास्थ्य पर गलत प्रभाव पड़ने से इंकार नहीं किया जा सकता है। जमशेदपुर अभिभावक संघ सादर मांग करता है कि बढ़ते गर्मी की प्रचंडता और उसका बच्चों की स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गलत



प्रभाव को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्म अवकाश के बाद स्कूलों के खुलने कि तिथि को 12 दिन और आगे बढ़ाने की आदेश देने कि कृपा करें।

## BRIEF NEWS

### एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान के 8 छात्रों का एसकेएच कंपनी में चयन



**Jamshedpur:** जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान मे गुड़गांव स्थित एसकेएच कंपनी की ओर से कैंपस सिलेक्शन किया गया. इसमें सर्वप्रथम लिखित परीक्षा, छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा, तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया. इस तरह छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौरवान्वित किया. गुड़गांव के मानेसर स्थित इस कंपनी द्वारा एनटीटीएफ के 8 छात्रों को 2.44 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया. सभी चयनित छात्र डिप्लोमा इन टूल इंजीनियरिंग एंड डिजिटल मैनुफैक्चरिंग ब्रांच के हैं. चयनित छात्रों में अमित कुमार महतो, अंकित सिंह, साहिल कुमार सिंह, विनीत सिंह, सर्वेश पाण्डेय, विनीत मुखी, मयंक कुमार सिंह व हेमंत देव शामिल हैं. इसमें संस्थान के प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला ने सहयोग किया. प्राचार्य प्रीता जॉन ने सभी छात्रों को उनकी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी. संस्थान के रमेश राय, पंकज कुमार गुप्ता, लक्ष्मण सोलन, दीपक सरकार, अनिल के जवाली, प्रीति, हरीश कुमार एवं उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने सभी चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

# अवैध संबंध में हुई थी जुगसलाई के सदाकत गद्दी की हत्या

## पति पत्नी व दो अन्य ने मिलकर घटना को दिया अंजाम

- पुलिस ने 4 लोगों को किया गिरफ्तार, जिस क्लच वायर से गला दबाकर हत्या की गई उससे भी किया गया बरामद

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** पिछले दिनों पोटका में जुगसलाई के रहनेवाले जिस सदाकत गद्दी (28) की हत्या हुई थी। उसके कारणों का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस की माने तो अवैध संबंध की वजह से इस हत्या को अंजाम दिया गया। इस मामले में पुलिस टीम ने महिला समेत कुल 4 लोगों को गिरफ्तारकर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि इस मामले में बागबेड़ा थाना क्षेत्र के नया बस्ती के रहनेवाले मिंटू साव, विभा देवी, कोवाली बंगालीबासा का कीर्तिवास कैवर्ती और बागबेड़ा के कीताडीह ग्वाला बस्ती का रहनेवाला सिकंदर कुमार को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त क्लच वायर, सदाकत गद्दी की क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन और नकद 3200 रुपए के साथ ही तीन बाइक और 4 मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

पुलिस की ओर से बताया गया कि घटना की रात आरोपियों ने सदाकत को पोटका थाना क्षेत्र के माघोसाई गांव में बुलाया यहां पर एक सुनसान जगह पर सभी ने मिलकर शराब पिया इसके बाद सदाकत का गला क्लच के वायर से दबाकर मार डाला इसके बाद सदाकत के हाथ को बांधकर बगल के ही गड्ढ़ा में शव को फेंक दिया। शव के बगल में ब्लाउज और एक साड़ी रख दिया गया था, ताकी ऐसा प्रतीत हो कि घटना को प्रेम संबंध में किसी महिला ने अंजाम दिया है। विदित हो कि पुलिस ने सदाकत के शव को 7 जून को बरामद किया था। इस मामले की जांच करने के लिए पोटका थाना प्रभारी विनोद टुडू के नेतृत्व में टीम बनाई गई थी और टीम ने 3 दिन में ही इस पूरे मामले का उद्भेदन कर दिया।



मामले का उद्भेदन करती पुलिस व गिरफ्तार आरोपी • फोटोन न्यूज

**छह माह पूर्व हुई थी पति को अवैध संबंध की जानकारी, तभी बना लिया था हत्या की योजना:** प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पुलिस की ओर से बताया गया कि सदाकत का प्रेम संबंध की जानकारी मिंटू साव को छह माह पूर्व हुई थी। इसके बाद विभा ने अवैध संबंध को तोड़ना चाहा था। लेकिन सदाकत इसके लिए तैयार नहीं था और उसने विभा को प्रताड़ित करने के साथ ही इस पूरे मामले को लोगों के सामने खोल कर रख देने की धमकी देने लगा। इससे परेशान होकर विभा ने पति और कीर्तिवास कैवर्त के साथ मिलकर हत्या की योजना बनायी थी। इसके लिये कीर्तिवास को सुपारी भी दी गयी थी।

# घरवाले थे बाहर, युवक ने लगा ली फांसी

## घटना जमशेदपुर के कदमा स्थित उलियान की

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर के कदमा थाना अंर्तगत उलियान निर्मल पथ में शनिवार को (24) वर्षीय अमन लाला नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के समय घर पर कोई नहीं था। वहीं घटना के बारे में अमन के दोस्तों ने परिवार वालों को इसकी सूचना दी। आनन फानन में उसके परिजन घर पहुंचे और दोस्तों की सहायता से दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद अमन को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी गयी।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया और इस घटना के पीछे के कारणों का पता लगा रही है। अमन के दोस्तों ने बताया कि वे अमन को बीते शाम से ही फोन कर रहे थे, लेकिन वह फोन नहीं उठा रहा था। इसके बाद शनिवार सुबह जब अमन के दोस्त घर पर पहुंचे तो पाया कि मेन गेट अंदर से खुला हुआ था और उसके कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। इसके बाद ही उन्होंने इसकी सूचना अमन के घर वाले को दी। तब दरवाजा तोड़ा गया तो पता चला की अमन गमछा का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया है। वही अमन के घर वालों का कहना है कि उसका किसी के साथ कोई दुश्मनी नहीं थी ना ही घर वालों के साथ कोई ऐसी घटना हुई थी कि वह अचानक फांसी लगा ले। उसने क्यों ऐसा किया है यह समझ में नहीं आ रहा है।

# सांसद पर कांग्रेस के आरोप गलत, इतने कार्य किए कि गिनवाना संभव नहीं : भाजपा

## भाजपा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर गिनाई सांसद की उपलब्धियां

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** विगत दिनों सांसद विद्युत वरण महतो पर कांग्रेस द्वारा लगाए गये आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है. सांसद प्रतिनिधि जयंत घोष ने विगत शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता की. जयंत घोष ने कांग्रेस के आरोपों का जवाब देते हुए सांसद के उपलब्धियों को गिनाया. उन्होंने कहा कि सांसद के प्रयास से ही घाटशिला स्टेशन में पुरुषोत्तम और जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव संभव हुआ जिसकी मांग स्थानीय जनता कई वर्षो से कर रही थी. घाटशिला के काशीदा में अंडरपास का निर्माण कराया गया



जिससे लोगों को जाम से मुक्ति मिली. कई पैसेंजर ट्रेन शुरू कराए गए. कॉपर खदानों के संबंध में जयंत घोष ने कहा कि वर्ष 2014 में जब चुनाव जीतकर विद्युतवरण महतो सांसद बने थे तब केंदाडीह और राखा कॉपर माइंस बंद था. खदानों में सिर्फ डी वाटरिंग का काम चलता था. सांसद ने तत्कालीन राज्य एवं केन्द्र सरकार के संबंधित मंत्री से लेकर विभागीय पदाधिकारियों से मुलाकात कर खदानों को चालू कराने की दिशा में ठोस पहल किया है. राखाकॉपर माइंस के लीज रिन्यूअल का मामला झारखंड सरकार के पास लंबित है. राज्य में कांग्रेसियों की सरकार है. ऐसे में कांग्रेसी नेताओं को चाहिए की अपनी सरकार से बोलकर लंबित लीज रिन्यूअल को जल्द क्लियर कराए, जिससे माइंस दोबारा चालू हो सके. सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि सांसद ने स्टेशनों के सौंदर्यीकरण कार्य युद्धस्तर पर कराया है. इसके लिए सांसद को दोषी ठहराना कांग्रेसियों की ओछी राजनीति का प्रमाण है. प्रेस वार्ता में भीम बाहादुर लामा, शिबू भगत, अशोक पासवान, किशन थापा, सागर थापा, अजय पांडे आदि उपस्थित थे.

# लोयोला, डीएवी, एलएफएस समेत जिले के 56 स्कूलों ने यू-डायस के तहत नहीं अपलोड किया बच्चों का डाटा

- जिला परियोजना कार्यालय स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को संबंधित स्कूलों की मान्यता रद्द करने की करेगा अनुशंसा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** बार बार चेतावनी के बाद भी पूर्वी सिंहभूम जिले के निजी स्कूल यू-डायस के तहत अपने छात्रों का शत प्रतिशत डाटा अपलोड नहीं कर रहे हैं। जबकि विभाग बार बार उन्हें डाटा अपलोड करने की चेतावनी जारी कर रहा है। लेकिन इसके बाद भी जिले के करीब 56 सकूलों ने अभी तक अपलोड नहीं किया। जबकि विभागों की ओर से इन्हें अंतिम 30 जून तक का दिया गया था। लेकिन इसके बाद भी इन स्कूलों ने डाटा अपलोड नहीं किया है। ऐसे में अब शिक्षा विभाग संबंधित स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। इसके लिए संबंधित स्कूलों की सूची प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को भेजते हुए इनकी मान्यता समाप्त करने की अनुशंसा की जाएगी।

विभाग का कहना है कि बार बार चेतावनी देने के बाद भी संबंधित स्कूलों ने डाटा अपलोड नहीं किया है। यही वजह है कि पूर्वी सिंहभूम जिले में निर्धारित तिथि सिर्फ 72 प्रतिशत डाटा ही अपलोड हो सका है। अभी भी करीब 40 हजार से अधिक बच्चों का डाटा अपलोड होना बाकी है। मिली जानकारी के अनुसार जिन स्कूलों ने डाटा अपलोड नहीं किया है उसमें लोयला स्कूल बिस्टुपुर, केरला समाजम मॉडल स्कूल, राजेंद्र विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल, लिटिल फ्लावर स्कूल, सेंट मेरिज स्कूल जैसे बड़े स्कूल शामिल हैं। जिला शिक्षा विभाग का कहना है कि इन सभी स्कूलों समेत 56 स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र राज्य कार्यालय को भेजा जा रहा है। विदित हो कि हाल ही में राज्य के अलग-अलग जिलों के करीब 25 स्कूलों द्वारा यू डायस के तहत डाटा अपडेट नहीं करने पर उनकी मान्यता रद्द करने का आदेश स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने जारी किया है।

### क्या है यू-डायस कोड

यू डायस एक एकीकृत जिला सूचना प्रणाली हैं। यह वर्तमान में भारत में कई स्कूल से संबंधित कार्यों के लिए उपयोग किया जाता है। यह पूरे देश में स्थित सभी स्कूली डेटा को व्यवस्थित और वर्गीकृत करने में मदद करता है। इस नंबर से आप किसी भी स्कूल की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसमें स्कूल के साथ ही वहां पढ़ा रहे शिक्षकों व छात्रों की पूरी जानकारी आपलोड की जाती है। इसके अपडेट रहने से विभाग के पास हर स्कूल की पूरी जानकारी रहती है।

## लेखनी के क्षेत्र में शहर की हैं चमकता सितारा, अपनी रचनाओं के लिए कई पुरस्कार कर चुकी हैं अपने नाम

# JAMSHEDPUR की युवा लेखिका अन्वेषा ने किया कमाल, देश भर में हो रही चर्चा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** है बहुत अंधियार अब सूरज निकलना चाहिए, जिस तरह से भी हो ये मौसम बदलना चाहिए... यह लाइन जमशेदपुर की युवा लेखिका अन्वेषा पर पूरी तरह फिट बैठती हैं. उनकी लेखनी ने आज कल देश भर में चर्चा में हैं. जमशेदपुर में प्रतिभा को कोई कमी नही है, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो, चाहे वो गायन हो, फिल्म हो, लेखन हो या साहित्य. यहां के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं जमशेदपुर का नाम पूरे देश में गौरवान्वित कर रहे हैं. आज हम बात करने वाले हैं ऐसी ही एक शक्शीयत हैं जो महज 21 वर्ष की उम्र में ही कई कविताओं की किताब लिख चुकी हैं. जो पूरे देश में चर्चा में बनी हुई हैं. इनका नाम है अन्वेषा रथ. जमशेदपुर के बाराद्वारी की रहने वाली अन्वेषा की रचनाओं ने सबकों प्रभावित किया है. इनकी भाषा शैली इतनी जादूई है कि कोइ भी आकर्षित हो जाता है.



सम्मान ग्रहण करतीं अन्वेषा • फोटोन न्यूज

आपको भी कहानियों को पढ़ने का शौक है तो इनकी पुस्तकों को पढ़ सकते हैं. अन्वेषा बताती हैं कि वो अभी वह रांची में रहकर ग्रेजुएशन की पढ़ाइ कर रही हैं. बचपन से कविता लिखने का शौक था. कविता बचपन से लिखते आ रही हूं. हालांकि बचपन में उतना ध्यान नहीं देती थी, लेकिन शौक कब करियर बन जाता है, कोई नहीं जानता.

**उम्दा लेखन के लिए मिला पुरस्कार :** हाल ही में उनकी रचनाओं के लिए पुस्कृत किया गया है. उन्होंने द फोटोन न्यूज से बातचीत में बताया कि इस बार उन्हें ड्रीम पब्लिकेशन के द्वारा उड़ान 2.0 कार्यक्रम में बुलाया गया था. जहां 28 राज्यों के कवि शामिल थे. कार्यक्रम में पहला स्थान प्राप्त किया. इस अवसर पर ड्रीम पब्लिकेशन द्वारा पुरस्कृत किया गया. उन्होंने बताया कि उनकी खुद की 3 पुस्तकें पब्लिश हो चुकी हैं. इसमें ए होप, अनडिफाइंड, मेरे अल्फाज शामिल हैं.

**1500 से ज्यादा किताबों के लेखन में किया काम :** अन्वेषा बताती हैं कि अब तक 1500 से ज्यादा किताबों के लेखन में अलग-अलग कवियों के साथ काम कर चुकी हूं. उन्होंने बताया कि उन्हें झारखंड लेखक संघ में भी शामिल किया गया है. यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है. इससे मैं काफी खुश हूं. सबसे कम आयु की सदस्य के रूप में वो लेखक संघ में शामिल हैं. उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने में उनके गुरु व लेखक संघ के अध्यक्ष चंदन प्रजापति का बहुत बड़ा योगदान है. उनके नेतृत्व में काफी कुछ सीख रही हैं. उन्होंने बताया कि वो अभी रांची के साईनाथ यूनिवर्सिटी से जूलॉजी में गेजुएशन के साथ- साथ बीएड की पढ़ाई कर कर रही हैं.

**12वीं के बाद लेखन क्षेत्र में हुई सक्रिय :** अन्वेषा रथ ने बताया कि कविता या कहानी लेखन का शौक बचपन से था, लेकिन उस समय इसे गंभीरता से नहीं लेती थी. 12वीं के बाद उन्हें लगाया कि लेखन के क्षेत्र में कुछ अलग करना चाहिए, उसके बाद से अपनी पढ़ाई के साथ कविता लगातार लिखती रहती हूं. साथ ही अपनी रचनाओं को किताब का रूप भी दे रही हूं. उन्होंने कहा कि 12वीं के दौरान वो बीच में ओडिशा भी पढ़ाई करने चली गयी. उस समय तक कई रचनाओं को लिख चुकी थी, लेकिन उस पर ज्यादा ध्यान नहीं देती थी. ओडिशा से जमशेदपुर आने पर उसी रचनाओं को पढ़ने के बाद उन्हें लगा कि वो इस क्षेत्र में कुछ कर सकती हैं. उन्होंने बताया कि शुरू में वो अपनी कलाओं को इंस्टाग्राम पर शेयर करती थी. लोग पसंद करने लगे. कमेंट और फीडबैक आने लगे तो लेखन के प्रति और सीरियस होती चली गयी.

**कोविड में सोशल मीडिया एप का मिला सहारा :** युवा लेखिका ने बताया कि कोरोना के समय सभी तरह के आयोजन, पब्लिकेशन, कार्यक्रम बंद हो गये थे, घर से निकालना मना था. ऐसे में उन्हें एक सोशल मीडिया एप का सहारा मिला. उन्होंने बताया कि ₹नोजोतोर₹ नाम के एप का सहारा मिला. इस एप पर वो सिल्वर स्तर की पोजिशन पर है. उन्हें लाखों लोग इस एप पर कविता सुनते हैं. इसके बाद धीरे धीरे किताबो में काम करने के लिया लोग मुझसे संपर्क करने लगे.

### और देखते ही देखते रचनाएं होने लगीं प्रकाशित

देखते ही देखते मेरी रचनाएं प्रकाशित होने लगी. उन्होंने बताया कि वो इतनी सारी रचनाएं लिख चुकी थी की एक किताब बन सकती थी, फिर वो बिना देर किये अपनी एक पुस्तक प्रकाशित करवाई. जो राजस्थान के साहित्य सहायक के द्वारा 2021 में प्रकाशित होने के लिए दी थी. लेकिन कोरोना के कारण 2022 में वो प्रकाशित हुई. फिर मुझे अलग अलग मंच पर लोग काव्य पाठ के लिए बुलाने लगे. कभी कवि सम्मेलन में फिर एक दिन मेरी रचनाओं के लिए मुझे नम्या नाम की मैगजिन वालो ने संपर्क किया. उन्होंने बताया कि कोरोना के बाद सबसे पहला पुरस्कार उन्हें आरके पब्लिकेशंस द्वारा अंबाला में मिला. फिर दूसरा कोलकाता में उकियोटो द्वारा फिर ये सिलसिला बढ़ता गया. उन्होंने बताया कि बहुत जल्द उनकी और भी रचनाएं प्रकाशित होने वाली है. जिस प्रकार पाठकों ने जो प्यार दिया है. अपेक्षा है आगे भी मिलता रहेगा. पाठकों के भी सुझाव जो आते हैं उसका मैं पूरी तरह ध्यान रखती हूं. यह सिलसिला अगे भी जारी रहेगा.



# कटघरे में ट्रंप


पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूरे जीवन में ढेर सारे विवाद खड़े किए हैं। विवादों से उनका पुराना नाता है। लेकिन इस बार तो उन्होंने इतिहास ही बना दिया है। वह अमेरिकी इतिहास के पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति बन गए हैं, जिनके खिलाफ किसी आपराधिक मामले में बाकायदा आरोप तय किए गए हैं। इसके पहले वाटरगेट कांड पर रिचर्ड निक्सन के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता था, लेकिन उनके बाद राष्ट्रपति बने गेराल्ड फोर्ड ने इससे इनकार कर दिया। उन्हें इसकी जरूरत भी नहीं लगी होगी, क्योंकि एक तो वह निक्सन की रिपब्लिकन पार्टी के ही थे। फिर यह खतरा भी नहीं था कि अगली बार राष्ट्रपति पद के लिए उन्हें निक्सन से कोई चुनौती मिले। लेकिन मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ ऐसा नहीं है और अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने अभी से ताल ठोकनी शुरू कर दी है। रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से फिलहाल वही सबसे बड़े दावेदार नजर आ रहे हैं। फिलहाल ट्रंप के खिलाफ मामला सिर्फ इतना है कि फ्लोरिडा में उनके मारा-लॉगों एस्टेट पर पिछले अगस्त में छापा मारकर सरकारी एजेंसी ने 11 हजार दस्तावेज जब्त किए थे, जिनमें कई बेहद गोपनीय दस्तावेज थे। बताते हैं, 33 बक्सों में बंद इन दस्तावेजों में कुछ ऐसे भी थे, जो ईरान पर अमेरिकी हमले की योजना से संबंधित थे। ये दस्तावेज ट्रंप ने राष्ट्रपति के रूप में हासिल किए थे, जिन्हें उन्होंने लौटाया नहीं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ ही समय पहले अमेरिका की फेडरल जांच एजेंसी ने मौजूदा राष्ट्रपति बाइडन के पुराने निवास से भी कई ऐसे दस्तावेज जब्त किए थे, जो उन्होंने तब हासिल किए थे, जब वह उप-राष्ट्रपति थे। एजेंसी के हिसाब से फर्क यह है कि ट्रंप ने उन दस्तावेजों को जानते-बूझते हुए भी न सिर्फ अपने पास रखा था, बल्कि लौटाने से भी इनकार कर दिया। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि इसका कारण आपराधिक न होकर ट्रंप की वह ढिठाई भी हो सकती है, जिसके लिए वह मशहूर रहे हैं, वरना ईरान वाले दस्तावेज को ही लें, तो इसे अपने पास रखने से भला ट्रंप को क्या मिल सकता था? इस पर भी शक है कि वह इसे किसी तरह इस्तेमाल कर सकते थे। हालांकि, आरोपों का विस्तृत ब्योरा अभी लिफाफे में बंद है। उनको जगजाहिर नहीं किया गया है। अमेरिका में अब इस पर राजनीति शुरू हो गई है। सबसे पहली प्रतिक्रिया ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के एक नेता असा हचिनसन की आई है। हचिनसन खुद राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ना चाहते हैं और इसके लिए जोर लगा रहे हैं। उनका कहना है कि आपराधिक मुकदमा दर्ज हो जाने के बाद अब ट्रंप को राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर हो जाना चाहिए। मगर ट्रंप इतनी आसानी से रेस से बाहर होंगे, इसकी उम्मीद किसी को नहीं है। उनके मतदाताओं और चाहने वालों को इससे फर्क भी नहीं पड़ता। जिस दिन ये आरोप तय हुए, उसी रात उन्होंने चुनाव के लिए रिकॉर्ड चंदा इकट्ठा किया। अमेरिका में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि आरोप तय होने या सजा हो जाने के बावजूद किसी को चुनाव लड़ने से रोका जा सके।

# कनाडा की जवाबदेही

यूं तो कनाडा की धरती से भारत विरोधी गतिविधियों की खबरें अक्सर आती रहती हैं लेकिन बीते सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की झांकी निकालने की घटना ने सभी हदें पार कर दी। जो बताती है कि कनाडा में भारत विरोधी पृथकतावादियों के हौसले कितने बुलंद हैं और उन्हें सत्ता में शामिल लोगों का संरक्षण मिला हुआ है। चार जून को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हर भारतीय राष्ट्रवादी उद्वेलित हुआ है। जिसके चलते भारत सरकार ने भी घटना का कड़ा प्रतिवाद किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कड़े शब्दों में कहा है कि ये घटना न तो भारत-कनाडा संबंधों के लिये और न ही कनाडा के लिये ठीक है। यूं तो कहने के लिये भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैक ने इस घटना की निंदा की है, और कहा है कि उनके देश में हिंसा व नफरत के महिमामंडन के लिये कोई स्थान नहीं है। लेकिन वहीं कनाडा सरकार के एक मंत्री ने भारत पर उसके अंदरूनी मामलों में दखल देने का कुतर्क दोहराया है। दरअसल, कनाडा को समझ नहीं आ रहा है कि चरमपंथ, पृथकतावाद और हिंसा की तपिश का ताप देर-सवेर उसे भी महसूस करना पड़ेगा। दुनिया के कई देशों ने ऐसे कृत्यों को संरक्षण की कालांतर कीमत चुकायी है। इस बात का अहसास कनाडा के हुक्मरानों को जितनी जल्दी हो सके, अच्छा है। दरअसल, कनाडा में अलगाववादियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कभी वे पृथक देश के मुद्दे पर जनमत संग्रह की बात करते हैं, कभी भारतीय उच्चायोग को घेरते हैं, भारतीयों पर हमले करते तो कभी मंदिरों को निशाना बनाते हैं। जिसको देखकर भी कनाडा सरकार चुप्पी साध लेती है। दरअसल, अलगाववादी उस स्याह सच पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहे हैं जिसकी बड़ी कीमत पंजाब ने चुकायी है। बड़ी कुबार्नी देकर पंजाब आज शांत माहौल में प्रगति के नये आयाम स्थापित कर रहा है। निस्संदेह, ऐसा भी नहीं है कि कनाडा में रहने वाले सारे भारतीय मूल के लोग अलगाववाद के पक्षधर हैं। आज कनाडा विकास के जो नये मानक स्थापित कर रहा है उसमें पंजाब के लोगों का बड़ा योगदान है। लेकिन सकारात्मकता और नकारात्मकता के बीच स्पष्ट विभाजन जरूरी है। विडंबना यह है कि वोट बैंक की पॉलिटिक्स के चलते कनाडा सरकार चरमपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करने से गुरेज कर रही है।

# राम भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रतीक

ANALYSIS



✍ हृदयनारायण दीक्षित

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संस्कृति संवर्द्धन पर उल्लेखनीय काम हुआ है। संस्कृति और धरोहरों का संरक्षण इन 9 वर्षों में एक विशेष एजेंडा रहा है। सांस्कृतिक धरोहरों की प्रतिष्ठा बढ़ी है। संस्कृति के प्रतीक वाले स्थानों, खूबसूरत मंदिरों के पुनर्निर्माण का काम हुआ है। श्रीराम भारत के मन के महानायक हैं। सारी दुनिया में उनकी कीर्ति है। राजनीति का एक बड़ा भाग श्रीराम को इतिहास पुरुष नहीं मानता। श्रीराम काल्पनिक चरित्र बताए जाते रहे हैं। केंद्र की सरकार ने राम वन गमन नाम की परियोजना शुरू की थी। यह मोदी जी की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना ने दुनिया के तमाम देशों को आकर्षित किया है। इस परियोजना में 9 राज्यों में फैले 15 केंद्रों का पुनर्निर्माण/निर्माण सम्मिलित है। श्रीराम इन्हीं 9 राज्यों से होकर निकले थे। ऐसे स्थलों को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करना लक्ष्य रहा है। केंद्र सरकार के साथ सम्बंधित 9 राज्यों की सरकारें इस योजना पर काम कर रही हैं। राम भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रतीक हैं।**

सत्य, शिव और सुन्दर भारतीय संस्कृति के मूल तत्व हैं। भारतीय राष्ट्र का उद्भव सांस्कृतिक भाव भूमि में ही हुआ था। प्रकृति के प्रति आत्मीय भाव इस संस्कृति की विशेषता है। भारतीय संस्कृति उदात्त है। इस विशाल देश में यहां अनेक भाषाएं और अनेक बोलियां हैं। अनेक भाषाओं और बोलियों के बावजूद यहां सांस्कृतिक एकता है। सभ्यता राष्ट्र की देह है। संस्कृति प्राण है। यह कला, गीत, संगीत, स्थापत्य आदि अनेक रूपों में व्यक्त होती है। सबसे खास बात है भारतीय संस्कृति में विश्व एक परिवार है। 'वसुधैव कुटुंबकम' के सूत्र में समूचा विश्व परिवार जाना गया है। स्वाधीनता संग्राम सांस्कृतिक नवजागरण था। यूरोप के पुनर्जागरण से भिन्न था। ऋग्वेद में सभी दिशाओं से ज्ञान प्राप्ति की स्तुति है। काव्य साहित्य और स्थापत्य संस्कृति की अभिव्यक्ति रहे हैं। सभी भारतीय भाषाओं में राष्ट्र का सांस्कृतिक प्रवाह प्रकट होता रहा है। संस्कृति का पोषण और संवर्द्धन प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। राष्ट्र राज्य का भी कर्तव्य है। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद एक संस्कृति और एक राष्ट्र की अवधारणा बिसरा दी गई। भारत की संस्कृति को कई संस्कृतियों का घालमेल बताया गया। इसे कम्पोजिट कल्चर कहा गया यहां अनेक बोलियां अनेक रीति रिवाज हैं। यहां विविधता है लेकिन विविधता के बावजूद सांस्कृतिक एकता भी है। यह बात डॉ. आंबेडकर ने 'पाकिस्तान आर पार्टीशन ऑफ इंडिया' में लिखी है। उन्होंने लिखा है कि यह बात सही है कि भारतवासी आपस में लड़ते झगड़ते हैं। लेकिन एक संस्कृति सबको जोड़े रखती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में संस्कृति संवर्द्धन पर उल्लेखनीय काम हुआ है।



संस्कृति और धरोहरों का संरक्षण इन 9 वर्षों में एक विशेष एजेंडा रहा है। सांस्कृतिक धरोहरों की प्रतिष्ठा बढ़ी है। संस्कृति के प्रतीक वाले स्थानों, खूबसूरत मंदिरों के पुनर्निर्माण का काम हुआ है। श्रीराम भारत के मन के महानायक हैं। सारी दुनिया में उनकी कीर्ति है। राजनीति का एक बड़ा भाग श्रीराम को इतिहास पुरुष नहीं मानता। श्रीराम काल्पनिक चरित्र बताए जाते रहे हैं। केंद्र की सरकार ने राम वन गमन नाम की परियोजना शुरू की थी। यह मोदी जी की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना ने दुनिया के तमाम देशों को आकर्षित किया है। इस परियोजना में 9 राज्यों में फैले 15 केंद्रों का पुनर्निर्माण/निर्माण सम्मिलित है। श्रीराम इन्हीं 9 राज्यों से होकर निकले थे। ऐसे स्थलों को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करना लक्ष्य रहा है। केंद्र सरकार के साथ सम्बंधित 9 राज्यों की सरकारें इस योजना पर काम कर रही हैं। राम भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रतीक हैं। श्रीराम के नाम से भारत की विशेष पहचान है। काशी को भारतीय संस्कृति की राजधानी कहा जाता है। अब वाराणसी आकर्षक नगर है। 2019 में प्रधानमंत्री की अपेक्षानुसार विश्वनाथ कॉरिडोर पर काम शुरू हुआ। मंदिर परिसर के जीर्णोद्धार का काम भी साथ साथ चला। विश्वनाथ कॉरिडोर देश का दूसरा सबसे बड़ा कॉरिडोर है। 13 दिसंबर 2021 को प्रधानमंत्री मोदी जी ने इसका उद्घाटन किया था। इस कॉरिडोर की चर्चा यत्र तत्र सर्वत्र होती है। मध्य प्रदेश का उज्जैन सांस्कृतिक महत्त्व का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां महाकाल के दर्शनार्थ लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष आते हैं। कालिदास की प्रतिष्ठित रचना 'मेघदूत' में महाकाल की प्रीतिकर उपस्थिति है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महाकाल कॉरिडोर का निर्माण हुआ। इसकी भव्यता और सुंदरता आकर्षक है। अक्टूबर 2022 को उज्जैन में प्रधानमंत्री जी ने ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर के विस्तृत क्षेत्र 'महाकाल लोक' का लोकार्पण किया था। यह भारतीय संस्कृति और परंपरा का तीर्थ है।

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्रीराम के जन्म स्थान में भव्य मंदिर की अभिलाषा सपना रही है। जन्म भूमि को लेकर अनेक आंदोलन हुए। 2019 में श्रीराम जन्म भूमि सम्बंधी सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया। मोदी जी ने स्वयं अगस्त 2020 में इसकी आधारशिला रखी। अयोध्या पहले से ही भारतीय संस्कृति दर्शन और आस्तिकता का केंद्र रही है। केंद्र सरकार अयोध्या को उसकी प्रतिष्ठा के अनुसार एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल के रूप में विकसित कर रही है। यह काम इसी 9 वर्ष के दौरान शुरू हुआ। भव्य मंदिर का निर्माण जारी है। केंद्र और राज्य की सरकार बधाई की पात्र हैं। 2013 में केदारनाथ धाम के आस पास भीषण आपदा के कारण काफी क्षति हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इसकी भव्यता को फिर से संवारा गया। केदारनाथ मंदिर परिसर का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी जी ने स्वयं किया था। केदारनाथ धाम का विकास जारी है। संस्कृति प्रेमियों और भारतीय दर्शन के निष्ठावान लोगों के मध्य शंकराचार्य का नाम श्रद्धा और आदर के साथ लिया जाता है। वे अद्भुत विद्वान थे। भारतीय चिंतन में 6 प्राचीन दर्शन हैं। शंकराचार्य जी ने वेदांत दर्शन को विश्वव्यापी बनाया था। पं० दीन दयाल उपाध्याय ने शंकराचार्य पर एक पुस्तक भी लिखी थी। 25 नवंबर 2021 को उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में शंकराचार्य की मूर्ति का अनावरण प्रधानमंत्री जी ने किया था। मोदी सरकार ने उत्तराखंड के लिए चार धाम परियोजना शुरू की है। यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम जोड़ने वाली चार लेन सड़क का निर्माण जारी है। जम्मू-कश्मीर के रघुनाथ मंदिर का भी पुनर्निर्माण किया गया। एक सरकारी अनुमान के अनुसार कश्मीर घाटी में लगभग 1842 आस्था केंद्र हैं। इनमें 952 मंदिर हैं। इनमें सिर्फ 212 में पूजा होती है। संविधान के अनुच्छेद 370 के हटने के बाद अनेक आस्था केंद्रों का पुनर्निर्माण हुआ है। लगभग 2300 वर्ष पुराने शारदा मंदिर की भी जीर्णोद्धार जारी है। कॉरिडोर का उद्घाटन गृहमंत्री अमित शाह ने किया था। खीरभवानी मंदिर का भी सौंदर्यकरण जारी है। फरवरी 2022 में हैदराबाद में ग्यारहवीं सदी के प्रख्यात संत व दार्शनिक रामानुजाचार्य के सम्मान में बनी 216 फिट ऊंची 'स्टेच्यू ऑफ इक्वैलिटी' का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया था। इस परिसर में 25 करोड़ की लागत से म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण कराया गया था। करतारपुर कॉरिडोर उपेक्षित रहा है। केंद्र सरकार ने यहां कॉरिडोर बनाए। उस स्थान तक पहुंचने के लिए मार्ग भी बनाया गया। गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों के शहादत दिवस को मोदी सरकार ने 'वीर बाल दिवस' घोषित किया। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद मोदी जी के प्रयास से गुरु ग्रंथ साहिब की तीन प्रतियों की पवित्रता बनाए रखते हुए भारतीय वायु सेना के विमान से सुरक्षित रूप में भारत लाया गया। 9 वर्ष में दुनिया के दुसरे देशों में भी मंदिरों व सांस्कृतिक केंद्रों को भव्य बनाने का काम भी हुआ है। 2018 में प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में बनने वाले पहले हिन्दू मंदिर की आधारशिला रखी। उन्होंने 2019 में बहरीन की राजधानी अबुधाबी में श्रीकृष्ण श्रीनाथ के पुनर्निर्माण के लिए 4.2 मिलियन डॉलर देने की घोषणा की।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# जब रामायण पर धारावाहिक फिल्म बनाने का प्रयास हुआ

**राधेश्याम कथावाचक होने के साथ ही पारसी थियेटर के सर्वाधिक लोकप्रिय लेखक भी थे। उन्होंने शंकुतला, श्री सत्यनारायण फिल्में भी लिखीं थी। रांची में एक कथा के दौरान वहां की प्रसिद्ध फर्म चुन्नीलाल गणपतिराम के एक सेठ राधा बाबू (राधाकृष्ण बुधिया) ने उन्हें रामायण कथा को कई भागों में फिल्म के रूप में बनाने का प्रस्ताव रखा। राम वनवास, लंका युद्ध, भरत मिलाप, लव कुश कांड जैसे 8 भागों की योजना बनाई गई। माया मोह से विरक्त हो चले राधेश्याम जी ने पहले इसके लिए काफी मना किया पर राधा बाबू के इस प्रस्ताव पर कि दोनों लोग लाभ की राशि धर्मार्थ कार्यों के लिए खर्च कर देंगे वह इसके लिए तैयार हो गए। रामजन्म शीर्षक से पहले भाग की तैयारी शुरू हुई। बंबई (अब मुंबई) आकर राधेश्याम जी पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर, केदार शर्मा,और विजय भट्ट के संपर्क में आए।**

टीवी धारावाहिक रामायण की लोकप्रियता से कौन परिचित न होगा। रामानंद सागर द्वारा निर्मित निर्देशित इस धारावाहिक की पहली कड़ी 25 जनवरी 1987 को दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल पर प्रसारित हुई थी। उस समय इसकी लोकप्रियता का आलम यह था कि जब यह धारावाहिक प्रसारित होता था तो मानो पूरे देश में कर्फ्यू लग जाता था। इसकी अंतिम कड़ी 31 जुलाई 1988 को प्रसारित हुई। कुल 78 एपिसोड दिखाए गए थे। बाद में वीडियो कैसेट के रूप में भी यह दुनिया में व्यापक रूप से प्रचारित और प्रसारित हुआ और विश्व के पांच महाद्वीपों के 53 देशों में इसका प्रसारण हुआ। बीबीसी के अनुसार रामायण के पास 6500 लाख दर्शक होने का विश्व कीर्तिमान है। आज भी इसकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई है। कोरोना के पहले चरण में लगे लॉक डाउन में भी इसका प्रसारण खूब लोकप्रिय हुआ। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि रामायण को धारावाहिक फिल्म (उस समय तक देश में टीवी की शुरूआत नहीं हुई थी) के रूप में बनाने का प्रयास बहुत पहले 1945 में ही किया गया था। इस प्रयास के पीछे थे बरेली के प्रख्यात कथावाचक राधेश्याम और रांची के एक सेठ राधाबाबू । राधेश्याम कथावाचक होने के साथ ही पारसी थियेटर के सर्वाधिक लोकप्रिय लेखक भी थे। उन्होंने शंकुतला, श्री सत्यनारायण फिल्में भी लिखीं थी । रांची में एक कथा के दौरान वहां की प्रसिद्ध फर्म चुन्नीलाल गणपतिराम के एक सेठ राधा बाबू (राधाकृष्ण बुधिया) ने उन्हें रामायण कथा को कई भागों में फिल्म के रूप में बनाने का प्रस्ताव रखा। राम वनवास, लंका युद्ध, भरत मिलाप, लव कुश कांड जैसे 8 भागों की योजना बनाई गई। माया मोह से विरक्त हो चले राधेश्याम जी ने पहले इसके लिए काफी मना किया पर राधा बाबू के इस प्रस्ताव पर कि दोनों लोग लाभ की राशि धर्मार्थ कार्यों के लिए खर्च कर देंगे वह इसके लिए तैयार हो गए। रामजन्म शीर्षक से पहले भाग की तैयारी शुरू हुई। बंबई (अब मुंबई) आकर राधेश्याम जी पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर, केदार शर्मा,और विजय भट्ट के संपर्क में आए। सबने उन्हें इसका खर्च 6 लाख से 15 लाख के बीच बताया। कोल्हापुर और पूना के स्टूडियो से भी राधेश्याम जी ने बात की। बंबई में प्रख्यात अभिनेता चंद्रमोहन ने रावण की भूमिका निभाने की स्वीकृति दी साथ ही इसे चंदूलाल शाह के स्टूडियो में सस्ते में शूट करवाने का आश्वासन भी दिया। इस बीच राधा बाबू के विमर्श के बाद एक बार कोलकाता में भी खर्च का हिसाब लिया जाए की बात तय हुई। राधेश्याम जी इसके लिए कोलकाता पहुंचे। इस यात्रा में उनके साथ प्रख्यात संपादक सत्यदेव विद्यालंकार भी थे। बाद में गोविंद बल्लभ पंत, नरोत्तम व्यास भी उनके साथ जुड़े। यह 1946 का समय था। मुंबई यात्रा के दौरान उनके बड़े पुत्र घनश्याम एक बार फिर बीमार पड़े और वह कोलकाता की यात्रा स्थगित कर बरेली आ गए। 1947 के आरंभ में उन्होंने गढ़मुक्तेश्वर के गंगा किनारे रहकर ₹राम जन्म₹ की कथा लिखना प्रारंभ किया। अप्रैल 1947 में कथा संवाद लिखकर वे कोलकाता के लिए रवाना हुए। इस यात्रा में उन्होंने अपनी खोज अभिनेता फिदा हुसैन नरसी को भी अपने साथ लिया था। वहां भारत लक्ष्मी स्टूडियो के मालिक बाबूलाल चोखानी, देवकी बोस, काली फिल्म कंपनी आदि से मिलने के बाद तीन लाख का बजट फाइनल किया गया और निर्देशक के रूप में रामेश्वर शर्मा का चयन हुआ। कोलकाता प्रवास में राधेश्याम जी को खांसी और कफ के साथ खून भी आया और इस बीच वहां हिंदू-मुस्लिम दंगे भड़क उठे। अपने पुत्र बलराम के साथ वे तुरंत बरेली लौट आए । उनके पुत्र घनश्याम फिर बीमार पड़े। आखिर वह घड़ी आ गई जिससे राधेश्याम जी लगातार डर रहे थे। तीन अक्टूबर, 1947 को उनके बड़े पुत्र घनश्याम नहीं रहे जो उस समय मात्र 37 वर्ष के थे। अपने कमजोर दिल के कारण अपने पुत्र की मृत्यु की विभिन्न रस्मों में राधेश्याम जी शामिल नहीं हुए। उनकी पत्नी पुत्र वियोग में अंधी हो गई । इस बीच राधाबाबू और रामेश्वर शर्मा भी परलोक सिधार गए और इस तरह रामायण पर एक क्रमबद्ध धारावाहिक फिल्म बनाने की योजना अधूरी ही रह गई।रामानंद सागर ने रामायण के चौदह से अधिक प्रारूपों को पढ़ा, शोध किया, समझा, जिया और अंततः संत तुलसीदास के 'रामचरितमानस' का मुख्य स्रोत के रूप में अनुकरण करने का निर्णय किया था ।अपने अगले कदम के रूप में रामानंद सागर ने देश के प्रख्यात विद्वानों, शोधकताओं, ज्ञानियों, पंडितों, चिंतकों की एक समिति का गठन किया, जिसमें डॉ. शिव मंगल सिंह सुमन- उपाध्यक्ष, कालिदास अकादमी, उज्जैन, डॉ. एल.वी. सिंघवी (डॉ. लक्ष्मीमहल सिंघवी ) - न्यायशास्त्री और यू. के. में भारतीय उच्चायुक्त, विद्वान- रामायण व्याख्याता, लेखक पं. चंद्रशेखर पांडेय-प्रोफेसर भवन्स कॉलेज आदि सम्मिलित थे। रामानंद सागर ने दूरदर्शन के लिए जब रामायण धारावाहिक का निर्माण किया था

## Social Media Corner

**सच के हक में...**




जब नवीनतम तकनीक को अपनाने की बात आती है, तो भारत के लोग निर्विवाद चैंपियन हैं! उन्होंने एक अभिनव उत्साह और महान अनुकूलनशीलता दिखाई है। यह परिवर्तन पूरे भारत में दिखाई दे रहा है और आने वाले समय में हम इस गति को जारी रखेंगे।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



हमें अपने पुराने पुलों को मजबूत करना चाहिए और नए पुलों का निर्माण भी करना चाहिए। यह हमारे दोनों देशों के बीच सूचना के अंतर को समाप्त करने का भी समय है। एक दूसरे की क्षमताओं की बेहतर समझ से हमें अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किफायती वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत खोजने में मदद मिलेगी।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



चंद पैसों के लालच में सत्ता के इशारे पर गलत काम करने वाले अफसरों की क्या हालत होती है? ये जिस पर बीत रही है और जिस पर बीतना संभावित है, वही लोग समझ रहे हैं। उम्मीद है इससे आगे दूसरे लोग सबक लेंगे और कानून के अनुसार काम ही करेंगे।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# राष्ट्रपति की सूरीनाम यात्रा का महत्व

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा का संदेश अनेक देशों तक विस्तृत रहा। इनमें वह देश शामिल हैं, जहां बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग विगत छह पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सभ्यता संस्कृति को कायम रखा है। मॉरीशस की तरह सूरीनाम में भी प्रवासी दिवस मनाया जाता है। मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुइस के अस्थाई निवास को अप्रवासी घाट कहा जाता है। प्रत्येक दो नवम्बर को अप्रवासी दिवस मनाया जाता है। सूरीनाम का प्रवासी दिवस पांच जून को मनाया जाता है। द्रौपदी मुर्मू इस समारोह की मुख्य अतिथि थीं। उनको सूरीनाम के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया। इस वर्ष जनवरी में सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी भारत यात्रा आए थे। उन्होंने भारत को कैरेबियाई देशों में हिन्दी सिखाने वाले संस्थान खोलने का सुझाव दिया था। उन्होंने कैरेबियाई क्षेत्र में फिल्म, योग, आयुर्वेद, आध्यात्मिक जीवन पद्धति, सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के लिए भारत की ओर से संस्थान स्थापित करने का आह्वान किया था। उन्होंने इसके लिए अपने देश मे जमीन उपलब्धि कराने के वादा किया था। कुछ वर्ष पहले मोदी सरकार के प्रयास से हुगली नदी के तट पर सूरीनाम मेमोरियल बनाया गया था। इसमें बब्बा और माई की वैसी मूर्ति हैं जैसी सूरीनाम मे हैं। प्रतिमा सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो में बाबा और माई स्मारक की प्रतिकृति हैं , जो सूरीनाम पर कदम रखने वाले पहले भारतीय पुरुष और महिला का प्रतीक है। परिमारिबो में यह प्रतिमा उस स्थान को चिह्नित करती है, जहां 5 जून, 1873 को जहाज लल्ला रूख में पहले भारतीय मजदूरों ने सूरीनाम में प्रवेश किया था। ये वह देश हैं, जिनसे भारत के रिश्ते बन्धुत्व पर आधारित हैं। भौगोलिक दूरी बहुत ज्यादा होने के बावजूद भावनात्मक लगाव बना रहता है। सूरीनाम ऐसा ही देश है। उसे भारत से गए लोगों ने सजाया-संवारा है। कई पीढ़ी पहले श्रमिक बन कर भारत से गए लोगों ने ही इस भूखण्ड को इंसानों के रहने लायक बनाया। आज यहां सभी आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सूरीनाम यात्रा को कई सन्दर्भों में देखा जा सकता है। इसमें आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पक्ष समाहित हैं। सामाजिक आधार पर भारत और सूरीनाम का रिश्ता करीब डेढ़ शताब्दी पुराना है। प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम से पहले अंग्रेजों ने पूर्वी उत्तर प्रदेश से श्रमिकों को सूरीनाम,फीजी, मॉरीशस भेजने शुरूआत की थी। यह क्रम करीब सत्तर वर्षों तक चलता रहा। गिरमिटिया मजदूर के रूप में उनको वहां भेजा गया था। कई पीढ़ी बीतने के बावजूद यहां के लोग भारत से अपने जुड़ाव को भूलना नहीं चाहते। वहां के सामान्य नागरिक से लेकर राष्ट्रपति तक जब अपने पूर्वजों का गांव तलाश करते हैं, तब भारत को खुशी और गर्व की अनुभूति होती है। राष्ट्रपति की सूरीनाम यात्रा का उद्देश्य दक्षिण अमेरिकी देश के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाना है। पिछले साल जुलाई में पदभार ग्रहण करने के बाद मुर्मू की यह पहली विदेश यात्रा है। वह सूरीनाम के पारामारिबो पहुंचीं। सूरीनाम के राष्ट्रपति सी संतोखी ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। राष्ट्रपति की सूरीनाम में शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत हुई। वह प्रवासी भारतीयों के एक वर्ग से भी मिलीं। सूरीनाम की जनसंख्या में भारतीय मूल के लोग 27 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सूरीनाम के बच्चों को मेड इन इंडिया चॉकलेट दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सूरीनाम में भारतीयों के आगमन की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ मनाने के लिए सूरीनाम की राजधानी पारामारिबो पहुंचीं थीं।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



राज्य में विमान सेवाओं की कमी महसूस की जा रही है। इसे और बढ़ाने की जरूरत है। अन्य राज्यों में विमान यात्रा करनेवालों की संख्या बढ़ी है। उस हिसाब से विमान सुविधाएं भी बढ़ी हैं। हालांकि राज्य में देवघर में हवाई अड्डा का निर्माण कर वहां से विमान सेवाएं शुरू की गई हैं लेकिन अन्य कई बड़े शहर हैं जहां इसकी कमी महसूस की जा रही है। उनमें सबसे अधिक महत्वपूण और व्यावायिक दृष्टि से भी जहां अधिक जरूरत महसूस की जा रही है वह है जमशेदपुर। राज्य की आर्थिक और खेल राजधानी कहे जानेवाले इस शहर में काफी समय पहले से ही विमान सेवा की जरूरत है। टाटा के इस शहर में एक विमान पट्टी है तो वह सिर्फ टाटा कंपनी के काम आती है। या फिर सरकारी कार्यक्रमों से जुड़े विमान उतरते और उड़ान भरते हैं। समय-समय पर आम लोगों के लिए छोटे साइज के विमानों की सेवाएं शुरू की गईं तो वह उतनी सफल नहीं रहीं। इसका कारण यह कि ये विमान काफी छोटे थे। इसके अलावा कोलकाता, पटना आदि शहरों के लिए ही चंद लोगों को यह सुविधा मिलती थी। नतीजा यह रहा कि कुछ समय बाद ही सेवा बंद हो गई। बड़े तामझाम के साथ जमशेदपुर के समीप धालभूमगढ़ में नए विमानतल के निर्माण की कवायद शुरू की गई। भव्य सरकारी आयोजन हुआ। उसके बाद मामला ठप पड़ गया। अब यहां वन विभाग की जमीन का पेच फंसा है। कई अन्य तरीकों से भी मामले को उलझा दिया गया है। ऐसा लगता नहीं कि निकट भविष्य में यहां विमानतल का निर्माण हो सकेगा। इसके पीछे के कारणों को समझने की जरूरत है। वहीं रांची स्थित बिरसा मुंडा रांची एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा को और बढ़ाने की जरूरत है। इसपर केंद्रीय मंत्रालय और विभाग को सोचना होगा।

**मो फुरकान, केंद्रीय उपाध्यक्ष आमया संगठन।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# डब्ल्यूटीसी फाइनल: भारत को पहली पारी में 296 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया की धमाकेदार शुरुआत

**लंदन। (एजेंसी)।** अजिंक्य रहाणे (89) और शारदुल ठाकुर (51) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच सातवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी से भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के तीसरी दिन फॉलोऑन बचाया। भारत को पहली पारी में 296 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने चाय के विश्राम तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 23 रन बना लिये।ऑस्ट्रेलिया की कुल बढ़त 196 रन की हो गयी और चाय के विश्राम के समय उस्मान ख्वाजा 13 और मार्नस लाबुशेन आठ रन बनाकर खेल रहे थे। लंच के बाद दूसरे ओवर में ही कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर कैमरून ग्रीन ने शानदार कैच लपककर रहाणे की यादगार पारी को खत्म किया। उन्होंने 129 गेंद में 11 चौके और एक छक्का लगाया। दूसरे छोर से शारदुल ने बेहतरीन तरीके से उनका साथ निभाया। रहाणे के बाद कमिंस ने उमेश यादव (पांच) को बोल्ड कर तीसरी सफलता हासिल की। क्रीज पर आये मोहम्मद शमी ने अगले ओवर में स्कॉट बोलैंड के खिलाफ दो चौके लगाये।

शारदुल ने इसके बाद कमिंस की गेंद पर दर्शनीय स्ट्रेट ड्राइव और कवर ड्राइव पर चौके लगाकर 108 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि अपनी पारी को ज्यादा आगे नहीं बढ़ा पाये और ग्रीन की गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी को आउट कराया। मिशेल स्टार्क ने शमी (13) को विकेट के पीछे लपकवा कर भारत की पारी को खत्म किया। इस तरह लंच के विश्राम तक छह विकेट पर 260 रन बनाने वालीभारतीय टीम ने दूसरे सत्र में महज 36 रन जोड़ के बाकी के चारों विकेट गंवा दिये। मोहम्मद सिराज ने दूसरी पारी में भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने चौथे ओवर में डेविड वार्नर को चलता करने के बाद दो बार मार्नुस लाबुशेन को छकाया। दोनों बार गेंद लाबुशेन के शरीर पर लगी। भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 151 रन से आगे से की और पहले सत्र में उसे इकलौता झटका श्रीकर भरत (पांच रन) के रूप में लगा। भरत बीते दिन के अपने स्कोर में कोई इजाफा किये बिना दिन की दूसरी गेंद पर स्कॉट बोलैंड का दूसरा शिकार बने। रहाणे और शारदुल ने इसके बाद मजबूत जज्बे से बल्लेबाजी की। दोनों को तीन जीवनदान भी मिले लेकिन शुरुआती आधे घंटे के खेल में कप्तान पैट कमिंस और बोलैंड की शानदार गेंदबाजी के सामने दोनों को कई बार चोटिल हुए। बोलैंड की गेंद पर तीसरे स्लिप में उस्मान ख्वाजा ने शारदुल का आसान कैच टपका दिया।

इस गेंदबाज के अगले ओवर में गेंद ने शारदुल के बल्ले का किनारा लिया लेकिन यह स्लिप के क्षेत्ररक्षकों के दूर से चौके के लिए चली गयी। भारतीय पारी के 42वें ओवर में कमिंस की गेंद पर शारदुल दो बार चोटिल हुए। दोनों बार गेंद उनके दायें हाथ पर लगी और टीम के फिजियो को मैदान पर आना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज इस समय भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने का कोई मौका नहीं दे रहे थे लेकिन दूसरे छोर से संभल कर बल्लेबाजी कर रहे रहाणे ने बोलैंड की गेंद पर गली और प्वाइंट के क्षेत्ररक्षकों के बीच से आत्मविश्वास से भरा चौका जड़कर दबाव कम किया। पारी के 44वें ओवर में कमिंस की गेंद पर कैमरून ग्रीन ने गली क्षेत्र में शारदुल का कैच टपकाया और इस बल्लेबाज को दूसरा जीवनदान दिया। रहाणे ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के अगले ओवर में चौका और फिर शानदार हुक शॉट पर छक्का लगाकर 92 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा कर टीम में वापसी का जश्न मनाया। उन्होंने ग्रीन के खिलाफ स्लिप के ऊपर से चौका जड़कर शारदुल के साथ अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की और फिर दिलकश कवर ड्राइव पर गेंद को बाउंड्री के पार भेजा। रहाणे के इन करारे प्रहार का असर शारदुल की बल्लेबाजी पर भी दिखा और उन्होंने स्टार्क के खिलाफ कवर क्षेत्र में



जोरदार चौका जड़ा।

ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद शारदुल को ज्यादा बल्लेबाजी कराने की रणनीति बनायी जिससे रहाणे को आसानी से एक-एक दौडकर लेने का मौका मिला। ठाकुर ने हालांकि 50वें और 54वें ओवर में स्टार्क के खिलाफ चौके लगाकर उनकी रणनीति को विफल कर दिया। इस दौरान रहाणे ने 55वें ओवर में ग्रीन की गेंद पर दो रन लेकर टेस्ट क्रिकेट में 5000 रन पूरे करने वाले 13वें भारतीय बने। इस पारी से पहले उनके नाम 82 टेस्ट में 4931 रन थे। अगले ओवर में गेंदबाजी के लिए आयें कमिंस की गेंद पर पहले स्लिप में डेविड वार्नर से रहाणे का कैच छूट गया। लगातार 18 ओवर तक तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करने के बाद कमिंस ने विकेट की तलाश में नाथन लियोन को गेंद थमाई और रहाणे ने चौके के साथ उनका स्वागत किया। अगले ओवर में शारदुल ने शानदार फ्लिक लगाकर चौका जड़ा। रहाणे ने 59वें ओवर में लियोन की दूसरी गेंद पर साथ एक रन लेकर टीम के स्कोर को 250 तक पहुंलंचा। उन्होंने चौथी गेंद पर बैकफुट पंच पर चौका जड़ शारदुल के साथ शतकीय साझेदारी पूरी करने के बाद ओवर का समापन भी इसी अंदाज में किया। कमिंस की शारदुल ठाकुर के खिलाफ पगबाधा की अपील पर मैदान अंपायर ने उंगली उठा दी लेकिन भारतीय बल्लेबाज ने रिव्यू लेने का फैसला किया और टीवी रीप्ले के बाद इसे नो बॉल करार दिया गया।

# कार्लोस अल्काराज को हराकर जोकोविच फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे, इतिहास रचने से सिर्फ एक कदम दूर हैं नोवाक



**पेरिस(एजेंसी)।** सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच अब 23वें ग्रैंड स्लैम खिताब को जीतने के बेहद करीब पहुंच गए है। नौ जून को फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को हराकर 22 बार के विजेता नौवाक जोकोविच ने फाइनल में एंट्री मारी है। पुरुष एकर मुकाबले में विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी अल्कराज को हारकर उन्होंने फाइनल का टिकट पक्का किया है।

नोवाक जोकोविच ने अपने अनुभव और शानदार फिटनेस का इस्तेमाल करते हुए शुक्रवार को फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में कार्लोस अल्कराज को 6-3, 5-7, 6-1, 6-1 से शिकस्त देकर रिकॉर्ड 23वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाया। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज अल्काराज को उन्होंने 6-3, 5-7, 6-1, 6-1 से हराया।

वह रिकॉर्ड 23वें गैंड स्लैम खिताब से एक शॉट पीछे है। अल्काराज ने इस दौरान शानदार शॉट लगाकर दूसरे सेट को अपने नाम किया। लेकिन इसके बाद उन पर थकान हावी हो गया और ग्रैंड स्लैम में अपना 45वां सेमीफाइनल खेल रहे विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सर्बिया के खिलाड़ी को जीत दर्ज करने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। बता दें कि दोनों खिलाड़ियों के बीच ये मुकाबला 3 घंटे और 23 सेकेंड तक चला।

### क्रैंप ने बढ़ाई थी अल्कराज की मुश्किल

अल्कराज ने थकान और मांसपेशियों की खिंचाव से निपटने के लिए ब्रेक का सहारा लिया लेकिन इससे उन्हें कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पहला सेट गंवा दिया था मगर अगले सेट में उन्होंने वापसी की। इसके बाद तीसरे सेच में फिर उन्हें क्रैम्प आया और उनकी लय टूट गई जिसके बाद उनके लिए वापसी करना मुश्किल हो गया। जोकोविच ने मैच जीतने के बाद कहा, 'मैं उनकी परेशानी को समझ सकता हूं। उनके लिए बुरा लग रहा है। उम्मीद है वह इससे जल्दी उबर जायेंगे। बता दें कि अल्कराज को हराने के बाद अब जोकोविच का फाइनल में मुकाबला कैस्पर रूड या एलेक्जेंडर ज़्वेरेव में से किसी एक खिलाड़ी से होगा। गौरतलब है कि नोवाक जोकोविच अब इतिहास रचने के बेहद करीब पहुंच गए है। राफेल नडाल और जोकोविच दोनों ने ही 22 ग्रैंड स्लैम खिलाब अपने नाम किए है। इस बार अगर जोकोविच खिताब जीतने में सफल होते हैं तो वो सबसे अधिक 23 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी बनेंगे और इतिहास रच देंगे। वो राफेल नडाल से भी आगे निकल जाएंगे। वहीं अगर नोवाक ने इस ग्रैंड स्लैम पर कब्जा किया तो वो ना सिर्फ सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम जीतने वाले खिलाड़ी बनेंगे बल्कि टेनिस प्लेयर की सूची में शीर्ष पायदान पर भी पहुंच जाएंगे।

# आईसीसी एकदिवसीय क्वालीफायर के लिए पथिराना और हेमंथा श्रीलंकाई टीम में शामिल

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका ने जिम्बाब्वे में होने वाले आईसीसी एकदिवसीय पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इसमें जूनियर मलिंगा के रूप में लोकप्रिय हुए मथीशा पथिराना को भी शामिल किया गया है। पथिराना ने हाल ही में हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से शानदार गेंदबाजी की थी।

अफगानिस्तान के खिलाफ इस महीने एकदिवसीय में पदार्पण करते हुए डेब्यू मैच में ही पथिराना ने एक विकेट लिया था। मलिंगा के साथ पथिराना की तुलना का मुख्य कारण दोनों खिलाड़ियों की गेंदबाजी की शैली में समानता का होना माना गया है। अब वह श्रीलंकाई टीम में शामिल रहेंगे। श्रीलंकाई टीम का लक्ष्य टूर्नामेंट के दो क्वालीफिकेशन स्थानों में से एक स्थान हासिल करना है।

पथिराना के अलावा दुशान हेमंथा को भी टीम में जगह मिली है। दुशान ने भी केवल एक ही एकदिवसीय खेला है। वहीं अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज को टीम में जगह नहीं मिली है। सीडब्ल्यूसी क्वालीफायर 18 जून से शुरू होगा जिसमें 10 टीमें इस साल के अंत में भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में बचे अंतिम दो स्थानों के लिए उतरेंगी।

# विश्व कप जीतना है तो भारत को बेखौफ खेलना होगा : हरभजन सिंह

**लंदन (एजेंसी)।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि यदि विश्व कप जीतना है तो बेखौफ खेलना होगा। मौजूदा टीम इंडिया ने वह निर्भीकता नहीं दिखाई जो आईसीसी खिताब जीतने के लिए चाहिए होती है। गौरतलब है कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे दिन अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद बैकफुट पर है। भज्जी ने यह भी कहा कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में चार तेज गेंदबाजों को लेकर उतरने का फैसला सही नही था। उन्होंने कहा, 'कौशल में कोई कमी नहीं है। जितने बड़े मैच खेलेंगे, उतना ही बेहतर होगा। मुझे लगता है कि ऐसे मैचों में खुलकर खेलने की जरूरत है। हम अधिक रक्षात्मक हो रहे हैं। हमें नतीजे की परवाह किये बिना खुलकर खेलना होगा।'पिछले दस साल में एक भी आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी भारतीय टीम की



स्थिति आस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में खराब है। यहां कमेंटेटर की भूमिका में आये हरभजन ने भारतीय खिलाड़ियों को नतीजे की चिंता किये बिना खेलने की सलाह दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में हैट्रिक ले चुके हरभजन सिंह ने कहा, 'खिलाड़ियों पर जिम्मेदारी डाल दें और वह जरूर अपना काम पूरा करेंगे। उन पर दबाव डाला जाये कि अच्छा नहीं खेलने पर कुछ बाहर हो जाएंगे और कुछ नहीं तो उनका आत्मविश्वास कम हो जाएगा।

हरभजन ने कहा कि उन्हें आत्मविश्वास देने की जरूरत है कि भले ही अच्छा नहीं खेल सको लेकिन अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करो। इसी तरह से कप जीते जाते हैं। बेखौफ खेलो। दुनिया के नंबर एक टेस्ट गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को बाहर रहना पड़ा क्योंकि भारत चार तेज गेंदबाजों और एक स्पिनर को लेकर उतरा है। हरभजन ने कहा कि मैच पांच दिन का है तो पांच दिन के हालात देखकर गेंदबाजों को चुनना होता है। अश्विन बेहतरीन गेंदबाज हैं और चार तेज गेंदबाजों की जरूरत नहीं थी। चौथा और पांचवां दिन भी पहले दिन की तरह महत्वपूर्ण होता है और यह अहम है कि उन दिनों में आप कैसे खेलते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया जो भी टारगेट दें हम उस चेंज करने को तैयार : रहाणे



लंदन । विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 का फाइनल मैंच भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी है जिसमें ऑस्ट्रेलिया का पलडा भारी नजर आ रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 469 बनाने के बाद भारत को 269 रनों पर ढेर कर दिया था। फाइनल मुकाबलें के तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 123 रन बना लिए हैं। वहीं भारत की ओर से सबसे बड़ी पारी खेलने वाले अजिंक्य रहाणे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया जो भी टारगेट हमारे लिए सेट करेगी हम उसे चेज करना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम चाहेगी कि खेल के चौथे दिन ज्यादा से ज्यादा रन बनाकर एक बड़ा टारगेट भारतीय टीम के सामने रखा जाए। वहीं रहाणे को पूरा भरोसा है कि भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया द्वारा निर्धारित टारगेट को हासिल कर लेगी। सौरव गांगुली के सवाल पर उन्होंने कहा जो भी टारगेट ऑस्ट्रेलिया सेट करेगी हम उस टारगेट को चेज करना चाहते हैं। काफी अच्छी बात है कि आज हमारी गेंदबाजी बेहतरीन रही लेकिन हमें कल भी इसी तरह के परफॉर्मेंस को रिपीट करना होगा। लंच से पहले का सेशन काफी अहम होगा। अगर हम जल्दी विकेट चटकाते हैं तब फिर उनके रनों को रोक सकते हैं। हमने अच्छी वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया इस वक्त थोड़ा आगे है लेकिन हमने देखा है कि अगर सेशन और दिन आपके फेवर में रहे तब फिर आप कमबैक कर सकते हैं।

# भारत एशिया कप तीरंदाजी के तीसरे चरण में पांचवें स्थान पर रहा, छह रजत और एक कांस्य के साथ करना पड़ा संतोष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिंगापुर। भारतीय तीरंदाज एशिया कप के तीसरे चरण में कोरिया और चीन के खिलाफ अपने सभी छह फाइनल मैच में शनिवार को दबाव में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सके और पदक तालिका में अपने अभियान को पांचवें स्थान के साथ खत्म किया। भारत एक भी स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहा लेकिन टीम ने छह रजत पदक और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। तीरंदाजी 'पावर हाउस' कोरिया चार स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा जबकि चीन चार स्वर्ण और तीन कांस्य पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा।



भारत को दिन के शुरुआती मुकाबले में कोरिया से शिकस्त मिली। साक्षी चौधरी, प्रगति और दीपिका की भारतीय महिला कम्पाउंड टीम को इस मुकाबले में 232-234 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों के कम्पाउंड मुकाबले में भी भारतीय टीम को 235-238 से पराजय का सामना करना पड़ा। रिकर्व महिला टीम भी फाइनल में कोरिया की चुनौती से पर नहीं पा सकी। रिधि फोर, रूमा बिस्वास और अदिति जायसवाल को 3-5 से हार का सामना करना पड़ा।

भारत की पुरुष रिकर्व टीम फाइनल में चीन से 1-5 से हार गयी। पार्थ सालुंके को पुरुष रिकर्व मैच में चीन के क्यूई जियांगशुओ ने 6-2 से हराया। भारतीय महिला कम्पाउंड तीरंदाज रूमा बिस्वास चीन की एएन किजुआन से 2-6 से हार गयी प्रगति ने कम्पाउंड महिला व्यक्तिगत तीसरे स्थान के प्लेऑफ में अपनी टीम की साथी दीपशिखा को 147-146 से हराकर भारत के लिए कांस्य पदक जीता।

# फेथ किपयेगोनने एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार बनाया विश्व रिकॉर्ड




पेरिस। कीनिया की फेथ किपयेगोन ने यहां डायमंड लीग मीट में 5000 मीटर रेस में 14 मिनट 5.20 सेकंड के समय के साथ शुक्रवार को यहां महिला वर्ग में नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया। दो बार की इस ओलंपिक चैम्पियन ने पिछले सप्ताह फ्लोरेंस में गोल्डन गाला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ को तीन मिनट 49.11 सेकंड में पूरा कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। वह इस दौड़ में तीन मिनट 50 सेकंड से कम का समय निकालने वाली दुनिया की पहली महिला एथलीट बन गई थी। किपयेगोन ने पेरिस में अपने आखिरी लैप को 61.1 सेकंड में पूरा कर लेटेसेनबेट गिडे के रिकॉर्ड को 1.42 सेकंड के अंतर से तोड़ा। गिडे ने 2020 में 14 मिनट 07.94 सेकंड के समय के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया था। लेमेचा गिरमा ने बाद में पुरुषों की 3,000 मीटर स्टीपलचेज में 19 साल पुराना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। इथियोपिया के 22 साल के एथलीट ने सात मिनट 52.11 सेकंड के समय के साथ 2004 में सैद सईद शाहीन के बनाये गये विश्व रिकॉर्ड में 1.52 सेकंड से सुधार किया।

# वेस्टइंडीज के जिमनास्ट क्रिकेटर ने चौका लगाकर टीम को जिताई सीरीज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज की टीम में शामिल एक जिमनास्ट क्रिकेटर ने चौका लगार सीरीज जिताने में कामयाबी हासिल की है। वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे में होने वाले वर्ल्ड कप क्वालिफायर से पहले यूएई को उसी के घर में 3 वनडे की सीरीज में क्लीन स्वीप किया। शारजाह में शुक्रवार को खेला गया तीसरा और आखिरी वनडे भी मेहमान टीम ने 4 विकेट से जीता। इस तरह वेस्टइंडीज ने 3-0 से सीरीज अपने नाम की। वेस्टइंडीज की जीत में 2 खिलाड़ी एलिक अथानाजे और केविन सिंक्लेयर की अहम भूमिका रही। एलिक ने बल्ले से रिकॉर्ड बनाया तो सिंक्लेयर ने वापसी पर गेंद से कमाल दिखाया और टीम को जीत दिलाई। केविन सिंक्लेयर ने वेस्टइंडीज के लिए पिछला वनडे अगस्त 2022 में खेला था। इसके बाद उन्होंने यूएई के खिलाफ कमबैक किया और कमाल की बॉलिंग की। उन्होंने 7.1 ओवर में 24 रन देकर 4 विकेट लिए। इस धाकड़ प्रदर्शन के बाद उन्होंने अपने पुराने अंदाज में विकेट का जश्न मनाया और कैरेबियन प्रीमियर लीग में जिस तरह से उन्होंने कई मर्तबा समरसॉल्ट लगाकर विकेट का जश्न मनाया था, वैसा ही कुछ यूएई के खिलाफ भी किया।




इधर वनडे डेब्यू करने वाले एलिक अथानाजे ने भी कमाल की पारी खेली। उन्होंने 45 गेंद में 65 रन की पारी खेली। एलिक ने वनडे डेब्यू पर 26 गेंद में अर्धशतक जमाया और उन्होंने भारत के क्रुणाल पंड्या के सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। एलिक ने अपनी पारी में 9 चौके और 3 छक्के उड़ाए। उनकी इस पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 185 रन के टारगेट को 89 गेंद रहते हासिल कर लिया। मैच में यूएई ने पहले बैटिंग करते हुए 36.1 ओवर में 184 रन बनाए। एक समय यूएई का स्कोर 2 विकेट पर 142 रन था। पर इसके बाद सिंक्लेयर की फिरकी के जाल में यूएई के बैटर ऐसे फंसे कि अगले 8 विकेट महज 42 रन में खो दिए। वेस्टइंडीज की पारी भी लड़खड़ा गई थी और 150 रन के भीतर ही आधी टीम पवेलियन लौट गई थी। लेकिन रोस्टन चेज ने एक छोर संभाले रखा और नाबाद 27 रन बना टीम को जीत दिला दी।

# अंतरराष्ट्रीय रैफरी सिंह का दावा कई मौकों पर महिला पहलवानों के प्रति सिंह का अनुचित रवैया देखा

नई दिल्ली ।अंतरराष्ट्रीय रैफरी जगबीर सिंह ने दावा किया कि उन्होंने 2013 के बाद से कई मौकों पर महिला पहलवानों के प्रति बृजभूषण शरण सिंह का अनुचित रवैया देखा है। बजरंग पूनिया विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सहित भारत के शीर्ष पहलवान महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोप में भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। जगबीर ने कहा मैं 2007 से यूडब्ल्यूडब्ल्यू का रैफरी हूं और प्रदर्शनकारी पहलवानों के जन्म से पहले से रैफरिंग कर रहा हूं । मैं बृजभूषण को भी लंबे समय से जानता हूं। उन्होंने कहा लड़कियों के शिकायत दर्ज कराने तक मैं ज्यादा कुछ कह नहीं सका। मैं कुछ कर भी नहीं सका लेकिन मैंने अपनी आंखों से देखा है और मुझे बुरा लगा है। उन्होंने कहा उसके अध्यक्ष बनने के बाद 2013 में कजाखस्तान के दूसरे दौरे पर सिंह ने हमसे कहा कि मैं आज भारतीय खाना खिलाऊंगा और जूनियर पहलवानों के होटल में पार्टी रखी। उन्होंने कहा बृजभूषण नशे में धुत थे और लड़कियों से बदसलूकी की। मैंने यह अपनी आंखों से देखा है। जगबीर ने कहा वर्ष 2022 में मैने कुछ देखा। जब भी बृजभूषण राष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिये देश में यात्रा करते तब दो या तीन लड़कियां उनके साथ रहती लेकिन हम कभी विरोध नहीं कर सके। मैंने अपनी आंखों से देखा है। जगबीर दिल्ली पुलिस के सामने भी कह चुके हैं कि प्रदर्शनकारी पहलवानों के आरोप सही हैं। बृजभूषण द्वारा आरोपों को खारिज करने पर उन्होंने कहा क्या कोई चोर कभी कहता है कि उसने चोरी की है। हर दोषी इसतरह के ही बहाने बनाता है। उन्होंने नाबालिग पहलवान के पिता के यू टर्न लेने पर कोई टिप्पणी करने से इंकार किया। उन्होंने कहा मैं नाबालिग लड़की के पिता के बयान पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। मैं जानता भी नहीं कि वह नाबालिग पहलवान कौन है । मैं वहीं कह रहा हूं जो मैने अपनी आंखों से देखा है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल: रवींद्र जडेजा ने रचा इतिहास, दिग्गज क्रिकेटर को पीछे छोड़ हासिल की यह खास उपलब्धि

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धी हासिल की है। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनरों के बीच खेल के इतिहास में भारत के सबसे अधिक विकेट लेने वाले बिशन सिंह बेदी को पीछे छोड़ दिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। रवींद्र जडेजा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे आईसीसी डब्ल्यूटीसी फाइनल में सीम-फ्रेंडली ट्रैक पर विकेट हासिल करने में कामयाब रहे।

### हासिल की उपलब्धी

ऑलराउंडर ने यह उपलब्धि तब हासिल की जब उन्होंने दूसरी पारी में स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड को आउट किया। भारतीय ऑलराउंडर मौजूदा डब्ल्यूटीसी फाइनल में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। पहली पारी में 48 रन बनाने के बाद, अनुभवी क्रिकेटर ने दिन के अंतिम सत्र में दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर गेंद से प्रभावित किया। जडेजा ने स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड को आउट किया। इन दो विकेट के साथ, जडेजा भारतीय स्पिन महान बिशन सिंह बेदी के 266 टेस्ट स्कैलप्स को पीछे छोड़ते हुए अब तक के सबसे सफल भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर बन गए है।

### 8 बार स्टीव स्मिथ को आउट भी किया

दूसरी पारी में अपने दो विकेट लेने के बाद, रवींद्र जडेजा न केवल बिशन सिंह बेदी से आगे निकल गए हैं, बल्कि अब केवल रंगना हेराथ, डेनियल विटोरी और डेरेक अंडरवुड से पीछे हैं। इस रिकॉर्ड के अलावा, उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 8 बार स्टीव स्मिथ को आउट भी किया, जो स्टुअर्ट ब्रॉड (9) के बाद दूसरा सबसे ज्यादा है। जिस तरह का प्रदर्शन उन्होंने आज गेंद के साथ दिखाया, उससे चौथे दिन गेंद के साथ बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है।

### मैच में क्या हुआ

अजिंक्य रहाणे (89) और शारदुल ठाकुर (51) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच सातवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी से भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को कुछ हद तक वापसी करने में सफल रहा लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 120 रन बनाकर अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। पहली पारी में 469 रन बनाने




वाले ऑस्ट्रेलिया ने भारत की पहली पारी को 296 रन पर समेट कर 173 रन की बढ़त कायम करने के बाद दिन का खेल खत्म होने तक अपनी कुल बढ़त 296 रन की कर ली है। भारत को मैच में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के बाकी बचे छह विकेट जल्दी चटकाने होंगे और फिर बल्लेबाजों से प्रभावी प्रदर्शन की उम्मीद करनी होगी।



# गदर 2 की रिलीज से पहले सिमरत के हाथ लगी साउथ फिल्म

तमिल सिनेमा के चर्चित फिल्म निर्माता कलैप्पुली थानु ने हाल ही में किच्चा सुदीप की अगली फिल्म का एलान किया। इस फिल्म का अभी नाम तय नहीं है और इसे फिलहाल किच्चा 46 कहा जा रहा है। फिल्म का निर्देशन विजय कार्तिकेयन करेंगे। फिल्म तमिल और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म से जुड़ी अब एक और दिलचस्प जानकारी सामने आई है। कहा जा रहा है कि इसमें सिमरत कौर भी नजर आएंगी। बता दें कि सिमरत कौर फिल्म गदर 2 के जरिए बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। अब गदर 2 की रिलीज से पहले उनके हाथ एक साउथ फिल्म भी लग गई है। सिमरत कौर ने प्रेमथो मी कार्तिक के साथ तेलुगु सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत की। इसके अलावा उन्होंने साउथ इंडस्ट्री की और भी कई फिल्मों में काम किया है। अब मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह किच्चा 46 में भी नजर आने वाली हैं। कहा जा रहा है कि किच्चा 46 में कन्नड़ स्टार सुदीप कॉप का रोल अदा करेंगे और यह एक इनवेस्टिगेटिव थ्रिलर होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, किच्चा ने फिल्म के लिए सिर्फ दो महीने का समय दिया है। इसके बाद वह अपने नए प्रोजेक्ट की तैयारियों में जुटेंगे। किच्चा सुदीप के पास इस वक्त तीन फिल्में हैं, इन्हीं में से एक किच्चा 46 भी है। किच्चा सुदीप की फिल्म में सिमरत कौर का क्या रोल होगा, इसे लेकर अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। इस बारे में आधिकारिक रूप से भी एलान नहीं किया गया है। वहीं किच्चा सुदीप की बात करें तो वह न सिर्फ फिल्मों की वजह से चर्चा में रहते हैं, बल्कि वह राजनीति में भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेते हैं। कन्नड़ स्टार ने बीते दिनों कर्नाटक चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के लिए भी प्रचार किया था।

# जल्द शादी करने जा रहे हैं प्रभास ?



निर्देशक ओम राउत की आने वाली फिल्म आदिपुरुष रिलीज के लिए पूरी तरीके से तैयार है। कुछ समय पहले इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसे फैंस ने खूब पसंद किया था। ट्रेलर देखने के बाद लोगों का एक्साइटमेंट काफी ज्यादा बढ़ चुका है और अब उनसे फिल्म के लिए इंतजार नहीं हो रहा है। बीते दिन ( मंगलवार ) शाम को 5 बजे तिरुपति बालाजी मंदिर में एक प्री-रिलीज इवेंट हुआ। इस दौरान फिल्म का ट्रेलर दिखाया गया। इतना ही नहीं इस भव्य कार्यक्रम को सोशल मीडिया पर भी दिखाया गया, जिसके बाद हर तरफ सिर्फ आदिपुरुष की चर्चा हो रही है। इस दौरान प्रभास से फैंस ने उनकी शादी को लेकर सवाल किया, जिसका अभिनेता ने काफी दिलचस्प जवाब दिया है। आदिपुरुष में राघव का किरदार निभा रहे प्रभास के एक जवाब ने फैंस के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। हाल ही में आदिपुरुष का फाइनल ट्रेलर लॉन्च हुआ, जहां प्रभास से उनके फैंस ने ढ़ेरों सवाल पूछे। प्रभास मोस्ट हैंडसम बैचलर की लिस्ट में टॉप पर हैं, ऐसे में फैंस उनकी शादी को लेकर काफी एक्साइटेड रहते हैं। अब एक फैन ने प्रभास से वह सवाल पूछ ही लिया जिस पर एक्टर हमेशा चुप्पी साधे रहते हैं, तो प्रभास ने बता दिया कि वह कहां अपनी शादी करेंगे। कुछ समय पहले प्रभास का नाम अनुष्का शेट्टी के साथ जोड़ा जा रहा था। इसके बाद उनका नाम आदिपुरुष की को-स्टार कृति सेनन के साथ जोड़ा जा रहा था। ऐसे में फैंस कहां चुप बैठने वाले थे, उन्होंने प्रभास से शादी को लेकर सवाल कर लिया। तो प्रभास ने शादी की तारीख भले न बताई हो लेकिन वेन्यू का जिक्र जरूर कर दिया है। प्रभास ने कहा कि वह तिरुपति में ही अपनी शादी करेंगे। प्रभास का यह जवाब सुनते ही फैंस के चेहरे पर स्माइल आ गई। फैंस अब एक्टर की शादी को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। ऐसे में यह भी उम्मीद जताई जा रही है कि बाहुबली स्टार जल्द शादी कर सकते हैं। हालांकि ट्रेलर लॉन्च के दौरान प्रभास काफी मस्ती के मूड में दिखाई दिए।

# मनचाही तारीफ न मिलने पर फूटा तापसी का गुस्सा



तापसी पन्नू बॉलीवुड की चर्चित एक्ट्रेस में शुमार हैं। उन्होंने फिल्मों में अलग किस्म के किरदारों से दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई है। इसके लिए उन्हें खूब तारीफ भी मिलती है। मगर, तापसी को लगता है कि वह जितनी मेहनत करती हैं, उसके मुताबिक उन्हें तारीफ नहीं मिल पाती है। तापसी पन्नू का कहना है कि दर्शकों ने उनके काम को जो सम्मान दिया है, उसके लिए वह शुक्रगुजार हैं। लेकिन, अब जब भी उनकी कोई नई फिल्म आती है तो लोग सिर्फ यही कमेंट कतरे हैं कि एक बार फिर तापसी ने बढ़िया काम किया है। इसके अलावा एक्ट्रेस और भी कई बातें शेयर करती नजर आई। तापसी पन्नू का कहना है कि कुछ सितारे जो पिछले कुछ वक्त से अपने काम से दर्शकों को प्रभावित करने में कामयाब रहे हैं, कई बार उनके प्रदर्शन को हल्के में लिया जाता है। उनका कहना है कि हर नई फिल्म के बाद लोग कहते हैं, एक बार फिर तापसी ने अच्छा काम किया है। इस बारे में एक्ट्रेस ने कहा, जो लोग मेरे काम की तारीफ करते हैं, मैं उनके प्रति शुक्रगुजार हूं। लेकिन, जब लोग इस तरह के कमेंट करते हैं कि एक बार फिर अच्छा काम किया तो सच में आप अंदाजा नहीं लगा सकते कि मैं उस इंडस्ट्री में बने रहने के लिए किस मानसिक तनाव से गुजरती हूं, जहां चीजें कुछ ही महीनों में बदल जाती हैं। तापसी ने आगे कहा, लोगों की पसंद, फिल्मों का प्रकार हर कुछ महीनों में बदल जाता है। ऐसे में किसी के लिए अपने अभिनय का स्तर बरकरार रख पाना बहुत मुश्किल होता है। लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए काफी मशक्क करनी पड़ती है। उन उम्मीदों को पूरा करने के लिए मैं कड़ी मेहनत करती हूं। अभिनेत्री ने आगे कहा, पहली बार प्रभाव बनाना, काफी आसान होता है, क्योंकि तब लोगों को आपसे उम्मीद नहीं होती हैं। लेकिन, जब लोग उम्मीद करने लगते हैं तब उन उम्मीदों को पूरा करना वाकई मुश्किल है। आपको यह प्रभाव बनाए रखना पड़ता है। बता दें कि कि तापसी ने सांड की आंख, थप्पड़ और लूप लपेटा जैसी फिल्मों के जरिए दर्शकों का खूब दिल जीता है और कई अवॉर्ड हासिल किए हैं। तापसी के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वह शाहरुख खान की फिल्म डंकी को लेकर चर्चा में हैं। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म को लेकर तापसी बेहद उत्साहित हैं। इसे लेकर तापसी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था, राजू सर और शाहरुख खान सर....दोनों का कॉम्बिनेशन एक ही फिल्म में हो तो, अगर मुझसे बैकग्राउंड में एक पेड़ बनने के लिए कहा जाता, मैं वह भी जरूर करती।

# जॉली एलएलबी 3 से दोबारा बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार अरशद

जॉली एलएलबी 3 को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। इस फ्रेंचाइजी की पिछले दो फिल्मों को मिली जबर्दस्त सफलता को देखते अब मेकर्स ने अक्षय कुमार और अरशद वारसी को एक साथ बड़े पर्दे पर लाने की तैयारी कर ली है। जी हां, आपने बिल्कुल सही सुना, पार्ट-1 और पार्ट-2 के जॉली अब एक साथ सिल्वर स्क्रीन पर वकालत करते हुए नजर आने वाले हैं। फिल्म में इस बार दोनों जॉली के बीच फेस ऑफ देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म में काम करने की बात को खुद अरशद वारसी ने कंफर्म किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने इस फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां दीं। अभिनेता ने बताया कि फिल्म के तीसरे पार्ट पर काम चल रहा है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि मुन्ना भाई 3 फिलहाल नहीं बन रही है। अभिनेता ने कहा कि संजय दत्त, राजकुमार हिरानी, विधु विनोद चोपड़ा और वह ऐसा करना चाहते हैं, लेकिन हो नहीं पा रहा है। हालांकि, जॉली एलएलबी 3 निश्चित रूप से विचाराधीन है और फिल्म अगले साल फ्लोर पर आ जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि एक दिन, उन्हें रोहित शेट्टी का फोन आएगा कि वे गोवा में गोलमाल 5 की शूटिंग कर रहे हैं। बता दें कि यह दूसरा मौका होगा जब अरशद वारसी, अक्षय कुमार के साथ नजर आने वाले हैं। इससे पहले दोनों बच्चन पांडे में एक साथ स्क्रीन स्पेस शेयर कर चुके हैं। इस मसाला फिल्म से सभी को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही थी। गौरतलब है कि हाल ही में अरशद की वेब सीरीज असुर 2 रिलीज हुई है। यह शो दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। सीरीज में अरशद एक सीबीआई अफसर के किरदार में नजर आए हैं। अपने इस रोल से वह लोगों की काफी सराहना बटोर रहे हैं।





# सारा बहुत साफ दिल इंसान हैं : विक्की

सारा अली खान और विक्की कौशल की हालिया रिलीज फिल्म जरा हटके जरा बचके बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। हाल ही में सारा और विक्की ने एक मीडिया कॉन्फ्रेंस में शिरकत की जहां, विक्की से सारा के साथ काम करने के उनके अनुभव के बारे में पूछा गया तो उन्होंने सारा की जमकर तारीफ की है।

विक्की कौशल ने कहा, मैं आज जहां भी जाता हूं, हमेशा नमस्ते दर्शकों कहता हूं, और अगर मैं अगले पांच दिनों तक इस फिल्म का इसी तरह प्रमोशन करता रहा तो मैं भी नॉक नॉक कहना शुरू कर दूंगा। लेकिन अब तक मैंने जितने लोगों से बात की है सारा सबसे साफ दिल इंसान हैं। और जिस तरह से वह लोगों से जुड़ती हैं यह बहुत रियल है और यह बड़े पर्दे पर भी दिखाई देता है। चाहे वह सौम्या हो या उसका कोई अन्य किरदार, मैं इतना जनता हूं की सारा को दर्शक बहुत पसंद करते हैं।

लक्ष्मण उतेकर की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर लिया है। फिल्म ने बीते शुक्रवार को 7.20 करोड़ का कलेक्शन किया। शनिवार को 7.20 करोड़ और रविवार को 9.90 करोड़ का कलेक्शन किया है। सोमवार को भी 4.14 करोड़ रुपए की शानदार कमाई हुई। वहीं फिल्म ने मंगलवार को 3.87 करोड़ रूपए की कमाई की। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श के मुताबिक फिल्म का कुल कलेक्शन 30.60 करोड़ पहुंचे गया है। जिसे देख कर लग रहा की यह जल्द ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है।

विक्की और सारा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स


सारा अली खान अगली बार होमी अदजानिया की फिल्म मर्डर मुबारक और कन्नन अय्यर की ऐ वतन मेरे वतन में दिखाई देंगी। वही विक्की कौशल मेघना गुलजार की फिल्म सैम बहादुर में दिखाई देंगे। इसके अलावा उनका शाहरुख खान की फिल्म डंकी में एक कैमियो भी है।

# पंकज त्रिपाठी ने शुरू की मैं अटल हूं के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग



अभिनेता पंकज त्रिपाठी अपने अभिनय से हर किरदार में जान फूंक देते हैं। इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म मैं अटल हूं को लेकर चर्चा में हैं, जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में पंकज त्रिपाठी ने मैं अटल हूं के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी की। इस फिल्म से जुड़ी अब नई जानकारी सामने आई है। एक्टर ने अब इसके दूसरे शेड्यूल की शूटिंग भी शुरू कर दी है। इस बहु प्रतीक्षित फिल्म के दूसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके लिए फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू लखनऊ पहुंच गई है। लखनऊ में शूटिंग 16 दिन चलेगी। बता दें कि पंकज त्रिपाठी की यह फिल्म दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी पर आधारित है। अटल बिहारी बाजपेयी लोकप्रिय नेता रहे। उन्होंने तीन बार देश के पीएम का पद संभाला। नेशनल अवॉर्ड विनिंग निर्देशक रवि जाधव इस फिल्म का निर्देशन करेंगे। पंकज त्रिपाठी अटल बिहारी बाजपेयी के रोल में नजर आएंगे। बता दें कि इस फिल्म को ऋषि विरमानी और रवि जाधव ने लिखा है। फिल्म का संगीत सलीम-सुलेमान ने दिया है और गीत मनोज मुंतशिर शुक्ला ने लिखे हैं। यह फिल्म इस साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसे इस वर्ष अटल बिहारी बाजपेयी की बर्थ एनिवर्सरी ( 25 दिसंबर ) पर रिलीज किए जाने की तैयारी हैं। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की बायोपिक का जब से एलान हुआ है यह तभी से चर्चा में है। बीते वर्ष 25 दिसंबर को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी हुआ था। मोशन पोस्टर में अटल बिहारी बाजपेयी के गेटअप में पंकज त्रिपाठी के लुक की खूब तारीफ हुई। खुद पंकज त्रिपाठी ने मोशन पोस्टर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया था।

# राजामौली की अगली फिल्म में विलेन बनेंगे आमिर खान!



फिल्म ' कैरी ऑन जट्टा 3 ' के ट्रेलर लॉन्च पर अभिनेता आमिर खान की मौजूदगी का राज खुल गया है। इस कार्यक्रम में आमिर ने क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को लेकर अपनी पसंद का खुलासा किया था और कहा था कि अच्छी पटकथा हो तो वह किसी भी भाषा की फिल्म में काम करने को तैयार हैं और इसके लिए जरूरी हुआ तो वह ये भाषा भी सीखेंगे। फिल्म ' लाल सिंह चड्ढा ' के बाद से आमिर की नई फिल्म का इंतजार कर रहे उनके प्रशंसकों के लिए ये उनकी अगली फिल्म का एक संकेत है और सूत्रों की मानें तो आमिर अपनी अगली फिल्म निर्देशक एस एस राजमौली के साथ करने जा रहे हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर वैसे तो फिल्म ' आदिपुरुष ' के एक्शन ट्रेलर लॉन्च से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो ही सबसे ज्यादा वायरल होते रहे लेकिन दोपहर बाद निर्देशक एस एस राजामौली की अगली फिल्म को लेकर चल रही चर्चाएं भी खूब तेजी से शुरू हुईं। इन चर्चाओं के मुताबिक निर्देशक एस एस राजामौली ने अपनी अगली फिल्म की कास्टिंग पर तेजी से काम शुरू किया है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो इस फिल्म में हिंदी फिल्मों के करिश्माई अभिनेता आमिर खान मुख्य खलनायक के किरदार में नजर आएंगे। आमिर ने अपनी पहली फिल्म ' होली ' के अलावा यशराज फिल्म्स की फ्रेंचाइजी ' धूम 3 ' में भी खलनायक का किरदार इससे पहले निभाया है। राजामौली की ये वही फिल्म है जिसे बनाने का ऐलान उन्होंने अपनी पिछली फिल्म ' आरआरआर ' के तुरंत बाद किया था। इस फिल्म के लिए दक्षिण के स्टार अभिनेता महेश बाबू पहले ही अपनी तारीखें तय कर चुके हैं। महेश बाबू की राजामौली के साथ ये पहली फिल्म होगी। फिल्म की पटकथा पर काम पूरा हो चुका है और राजामौली इसके लिए लोकेशंस वगैरह भी फाइनल कर चुके हैं। फिल्म की शूटिंग अगले साल की शुरुआत में होनी है। राजमौली की इस फिल्म को लेकर दूसरा बड़ा अपडेट ये भी सामने आया है कि इस फिल्म में महेश बाबू की हीरोइन दीपिका पादुकोण हो सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दीपिका का नाम इस फिल्म की हीरोइन की रेस में सबसे आगे है। फिल्म ' पठान ' की सफलता के बाद दीपिका की किसी नई फिल्म का अब तक ऐलान न होने के पीछे भी यही वजह बताई जा रही है कि अपनी निर्माणाधीन फिल्म ' फाइटर ' की शूटिंग खत्म करने के बाद वह ' प्रोजेक्ट के ' का काम पूरा करेंगी, और उसके बाद जो फिल्म वह शुरू करेंगी, वह राजमौली की फिल्म हो सकती है।